आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

● वर्ष- 15 अंक 305- ● जबलपुर ● शनिवार, 11 दिसम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-8 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें

WWW.yashbharat.co.in

## आतंक का द्वार बता सऊदी अरब ने तबलीगी जमात को किया बैन

नई दिल्ली। सऊदी अरब में तबलीगी जमात पर बैन लग गया है। एक ट्वीट में वहां के इस्लामिक मामलों के मंत्रालय ने पिछले हफ्ते यह जानकारी दी। सऊदी अरब की सरकार ने तबलीगी जमात को 'आतंकवाद के द्वारों में से एक' करार दिया है। सरकार ने जमात के लोगों को अगले जुमे की नमाज से पहले मस्जिदें खाली करने को कहा है। इस घटनाक्रम पर भारत में भी प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। कई लोग पूछ रहे हैं जमात की आलोचना करने पर 'इस-?लामोफोबिक' कहने वाले सऊदी अरब के इस कदम पर क्या कहेंगे।'सऊदी ने बैन लगा दिया, हम मौलाना साद को नहीं ढूंढ सके'ट्विटर पर मोनिका लिखती हैं, 'याद है।

## PM मोदी के ट्विटर अकाउंट हैक




नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट को शनिवार देर रात हैकर्स ने हैक कर तीन मिनट के भीतर दो ट्वीट कर दिए। इससे सरकारी महकमे में हड़कंप मच गया। ये ट्वीट देर रात करीब 2.11 बजे से 2.15 के बीच किए गए। वहीं इस घटना के बाद से सरकार अब हरकत में आ गई है। अधिकारी अब हैकर्स का पता लगाने के लिए एड़ी चोटी का जोड़ लगा रहे हैं। जानकारी के अनुसार सरकार ने इसकी जांच के लिए खास टीम लगा दी है जो कि लेटेस्ट टेक्नोलॉजी के जरिए हैकसज़् का पता लगाएगी।

### जांच के लिए टीम को लगाया गया

सूत्रों के अनुसार हैकसज़् का पता लगाने के लिए इंडियन कम्प्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम को लगाया गया है और वह इसके सोर्स का पता लगाने का कोशिश कर रही है। हैकिंग का पता लगाने के लिए यह टीम लेटेस्ट टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर रही है। केंद्र सरकार की एक विशेष जांच एजेंसी है जो मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इन्फोमेज़्शन टेक्नोलॉजी के अंदर काम करती है। इसका काम भारत सरकार की हैकिंग और फिशिंग जैसे गंभीर साइबर खतरों से निपटना है।

### ट्विटर ने जारी किया बयान

वहीं अब ट्विटर ने इस घटना पर बयान जारी कर सफाई दी है। ट्विटर स्पोक्स ने कहा कि हमारे पास प्रधानमंत्री कायाज़्लय के साथ संचार की खुली लाइनें हैं और जैसे ही हमें इस गतिविधि के बारे में पता चला, हमारी टीमों ने प्रभावित अकाउंट को सुरक्षित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए। हमारी जांच से पता चला है कि इस समय किसी तरह के खतरे का कोई संकेत नहीं हैं।

### सोशल मीडिया यूजर्स ने इसके पीछे 'बिटक्वाइन माफिया' का हाथ बताया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ट्विटर हैंडल हैक होने की जानकारी सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो गई। इसे लेकर यूजसज़् ने स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए अपनी प्रतिक्रिया देना शुरू कर दिया। इसके बाद से ही हैशटैग हैक्ड और हैकसज़् ट्रेंड करने लगे। हैशटैग हैक्ड भारत में रात में ही चौथे नंबर पर ट्रेंड कर रहा था।सोशल मीडिया यूजर्स ने इसे सुरक्षा का गंभीर खतरा और 'बिटक्वाइन माफिया' का काम बताया। कई लोगों ने यहां तक आशंका जताई कि इस घटना के बाद क्रिप्टोकरेंसी पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है। जानकारी के अनुसार पहला ट्वीट 2.11 बजे किया गया, जिसे दो मिनट के भीतर डिलीट कर दिया गया। परंतु इसके डिलीट होते ही एक दूसरा ट्वीट 2.14 बजे किया गया। हालांकि दोनों में एक समान बात लिखी हुई थी। इस दोबारा किए गए ट्वीट को भी डिलीट कर दिया गया।

## फटाफट खबरें

### मुरैना में पति ने पत्नी को डंडों से पीट-पीटकर मार डाला, रात भर शव के पास बैठा रहा



**मुरैना।** बानमोर के कलींदे का पुरा में शुक्रवार की रात को पति ने अपनी पत्नी को डंडों से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। सुबह छह बजे पुलिस को पति ने ही फोन कर बुलाया और पत्नी की हत्या करने की बात कही। जिस पर पुलिस ने शव को बरामद कर पीएम के लिए भिजवाया। वहीं पुलिस ने आरोपित पति को भी घर से ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इस मामले में पति के साथ हत्या का मामला दजज़् किया है।
जानकारी के मुताबिक कलींदे का पुरा निवासी आसीन खान का उसकी पत्नी सन्नो उम्र 40 साल से शुक्रवार की रात को विवाद हुआ। विवाद में आसीन इतना आक्रोशित हो गया कि उसने डंडा उठाया और पत्नी सन्नो पर डंडों से इतने प्रहार किए कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। डंडे हाथ पैरों और पीछे मारे जाने के शव को स्पष्ट निशान दिख रहे थे। सन्नो की मौत के बाद रातभर वह शव के पास ही बैठा रहा। इसके बाद सुबह छह बजे उसने बानमोर पुलिस को सूचना दी कि उसने अपनी पत्नी की हत्या कर दी है।

### सिंगापुर में बूस्टर डोज लगवा चुके दो लोगों के सैंपल में भी मिला ओमिक्रॉन




सिंगापुर। कोरोना वायरस के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन के सामने कोविड वैक्सीन प्रभावी होगी या नहीं, इसे लेकर अभी रिसचज़् जारी है, वहीं दूसरी तरफसिंगापुर के दो लोगों में मिले इस वैरिएंट ने वैक्सीन की दोनों डोज ही नहीं बल्कि बूस्टर डोज को भी फेल साबित कर दिया है।
सिंगापुर में ओमिक्रॉन वैरिएंट से संक्रमित मिले दोनों लोगों को कोविड वैक्सीन का बूस्टर डोज लग चुका है। इसके बावजूद इनके ओमिक्रॉन से संक्रमित होने के चलते अब बूस्टर डोज के भी वायरस के खिलाफसुरक्षा देने की क्षमता पर सवाल उठ रहे हैं।
एक मामला लोकल, एक जर्मनी से आय। सिंगापुर में मिला ओमिक्रॉन का पहला मामला 24 वषीज़्य महिला का है, जो एयरपोटज़् पर पैसेंजर सविज़्स में काम करती है। यह महिला शुरुआती जांच में ओमिक्रॉन पॉजिटिव पाई गई है।

### पाकिस्तानी आतंकी ने किया था पुलिस पार्टी पर हमला



नई दिल्ली। उत्तर कश्मीर के बांदीपोरा में 10 दिसंबर को आतंकी हमले में जम्मू कश्मीर पुलिस के दो जवान शहीद हो गए थे। इस हमले का फुटेज सामने आ गया है। वीडियो में कुछ लोग भाग रहे हैं और फेरन पहने हुआ शख्स संदिग्ध अवस्था में भागता हुआ दिख रहा है।




## जम्मू-कश्मीर के अवंती पोरा में एनकाउंटर

### सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को मार गिराया

**नई दिल्ली। जम्मू कश्मीर में अवंतीपोरा में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच चली मुठभेड़ में एक आतंकी ढेर हो गया है. कश्मीर पुलिस ने इस बात की जानकारी दी. दरअसल अवंतीपोरा के बरागाम इलाके में आतंकियों के छिपने की खबर मिली थी, जिसके बाद पुलिस और सेना वहां पहुंची तो आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी. इसके बाद मुठभेड़ में एक आतंकी को सुरक्षाबलों ने मार गिराया गया है।**



इससे पहले हाल ही में जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा के गुलशन चौक में आतंकियों ने पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया था। इस हमले में दो जवान शहीद हो गए थे. जम्मू-कश्मीर पुलिस के मुताबिक, आतंकी हमले में मोहम्मद सुल्तान और फैयाज अहमद घायल हो गए. इसके बाद दोनों को अस्पताल ले जाया गया. यहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. कश्मीर जोन पुलिस ने कहा कि आतंकियों की तलाशी के लिए इलाके की घेराबंदी कर दी गई है.
वहीं आठ दिसंबर को जम्मू कश्मीर के शोपियां जिले में सुरक्षाबलों ने एक मुठभेड़ में तीन आतंकवादियों को मार गिराया था. पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि शोपियां के चक-ए-चोलां गांव में आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी जिसके बाद सुरक्षाबलों ने तलाशी और घेराबंदी अभियान चलाया. आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोली चलाई जिसके बाद जवाबी फायर किया गया. अधिकारी ने कहा कि दोनों पक्षों की ओर से दिनभर चली गोलीबारी में तीन आतंकी मारे गए. कश्मीर पुलिस ने मारे गए आतंकवादियों की पहचान आमिर हुसैन, रईस अहमद और हसीब युसूफके रूप में की है।

### देहरादून में देश को मिले 319 अफसर, पहली बार- आधे झुके तिरंगे

नई दिल्ली। भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमएम) में पासिंग आउट परेड में इस बार सीडीएस बिपिन रावत समेत 13 अन्य सैन्य अफसरों के निधन का दुख छाया रहा। पहली बार ऐसा हुआ कि पासिंग आउट परेड आधे झुके भारतीय झंडा और आईएमए झंडे के समक्ष आयोजित हुई। मुख्य अतिथि भी परंपरा के अनुसार घोड़ा बग्गी से परेड में शामिल नहीं हुए।आईएमए के इतिहास में ऐसा भी पहली बार हुआ कि राष्ट्रपति के सम्मान में ब्लू पेट्रोल ड्रील ड्रेस में कैडेटों परेड आयोजित की। जबकि इससे पहले परेड में आमतौर पर अंगोला ड्रेस रहती थी। हालांकि दुख के बावजूद पासिंग आउट परेड के दौरान जेंटलमैन कैडेट्सों में जोश दिखा।

## व्यापमं घोटाले में चार आरोपितों को पांच-पांच वर्ष की सजा




इंदौर। प्रदेश के सबसे चचिज़्त व्यापमं घोटाले में शामिल रहे और साल्वर के रूप में लोगों को पास करवाने का ठेका लेने वाले चार आरोपितों को सीबीआइ कोटज़् ने पांच-पांच साल की सजा सुनाई है। चारों आरोपित अन्य प्रदेशों के रहने वाले हैं। 2012 में इन्होंने इंदौर के एक डाक्टर के पुत्र को पीएमटी में पास करवाने और मेडिकल कालेज में एडमिशन करवाने का ठेका लेते हुए 13 लाख रुपये की ठगी की थी।डा. हेमंत कंसल ने शिकायत की थी कि उनके पुत्र ईशांत को पीएमटी में पास करवाने के लिए चार लोगों ने उनसे 13 लाख रुपये वसूले थे। हालांकि पुत्र का एडमिशन मेडिकल कालेज में नहीं हुआ। पुलिस ने व्यापमं घोटाले के तहत इस प्रकरण को शामिल कर जांच शुरू की थी। बाद में सीबीआइ ने मामले में जांच आगे बढ़ाई। विशेष लोक अभियोजक सीबीआइ रंजन शमाज़् के अनुसार अभियुक्तों में सेतु कुमार उफज़् सेतुरामसिंह निवासी जगमाल बिघा पटना बिहार का रहने वाला है।दूसरा अभियुक्त सौरव कुमार सिंह राजेंद्र नगर रोड पटना, तीसरा अभियुक्त प्रवीणसिंह राठौर बहोरिकपुर फरज़्कुबाद उप्र का रहने वाला है, जबकि एक अन्य अभियुक्त उमेश श्रीवास्तव महेंद्रगढ़ कोरिया छग का निवासी है।विशेष न्यायाधीश सीबीआइ संजय गुप्ता ने चारों आरोपितों को दोषी मानते हुए पांच-पांच वषज़् के कारावास के साथ 8 हजार रुपये के जुमानज़् से दंडित किया है।

## BSF मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट पहुंची पंजाब सरकार

### बिना पूछे अधिकार क्षेत्र बढ़ाने को दी चुनौती

**पंजाब।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का अधिकार क्षेत्र बढ़ाने के मुद्दे पर पंजाब सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है। पंजाब सरकार ने कहा कि उनसे बिना पूछे सेना का अधिकार क्षेत्र 15 किमी से बढ़ाकर 50 किमी कर दिया गया। पंजाब सरकार की पिटीशन पर सुप्रीम कोर्टज़् ने केंद्र को नोटिस जारी कर दिया है। मुद्दे पर अभी तक पंजाब सरकार सियासी तौर पर ही लड़ाई लड़ रही थी। हालांकि अब पंजाब में एडवोकेट जनरल डीएस पटवालिया के आने के बाद सरकार ने सुप्रीम कोटज़् का रुख किया है।पंजाब सरकार ने कहा- राज्य के अधिकार में हस्तक्षेपपंजाब सरकार ने तर्क दिया कि केंद्र की तरफ से बीएसएफ का अधिकार क्षेत्र बढ़ाने से राज्य के अधिकार में हस्तक्षेप हुआ है। पंजाब की भौगोलिक स्थिति के लिहाज से यह उचित नहीं है। राज्य सरकार का तर्क है कि केंद्र के इस फैसले से करीब 27 हजार स्क्वायर किमी एरिया बीएसएफके अधिकार क्षेत्र में आ गया है। जो पंजाब का आधा हिस्सा है। हालांकि बीएसएफ सफाई दे चुकी है कि वह सिर्फ पंजाब पुलिस को सहयोग करेंगे। केस दजज़् करने से लेकर जांच और कोटज़् में चालान पेश करने का काम पंजाब पुलिस ही करेगी।इससे पहले पंजाब सरकार ने बीएसएफका अधिकार क्षेत्र बढ़ाने के मुद्दे पर सर्वदलीय मीटिंग बुलाई थी। जिसके बाद विधानसभा का स्पेशल सेशन बुलाकर केंद्र के नोटिफिकेशन को रद्द कर दिया गया।



सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को भेजा नोटिस

### बड़वानी केंद्रीय जेल के प्रहरियों का वाहन धार में पलटा, एक की मौत



धार। बड़वानी केंद्रीय जेल में पदस्थ जेल प्रहरियों का वाहन कल देर रात सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया, वाहन में कुल पांच लोग सवार थे। जिनमें से एक की मौत हो गई है, तथा अन्य लोग घायल हो गए। सूचना पर रात्रि में ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची व मृतक को पीएम के लिए अस्पताल ले जाया गया। साथ ही अन्य घायल को प्राथमिक उपचार के बाद बड़वानी भेजा गया है, रविवार सुबह पीएम के बाद शव परिजनों को सौपा जाएगा। बड़वानी केंद्रीय जेल के अधीक्षक डीएस अलावा ने बताया कि जेल प्रहरी कमलेश जमरा की डही जिला धार में शादी थी। बड़वानी से पांच अन्य जेल प्रहरी कार से विवाह आयोजन में शामिल होने गए थे। शनिवार रात को लौटने के दौरान संभवत वाहन असंतुलित होने से गड्ढे में गिर गया। इसमें एक जेल प्रहरी गंगा सिंह की मौत हो गई। वहीं चार घायलों को बड़वानी जिला अस्पताल लाया गया है।

## अमेरिका में तूफान से तबाही: पांच राज्यों में अब तक 80 से ज्यादा लोगों की मौत

**अमेरिका।** अमेरिका इन दिनों एक बड़ी प्राकृतिक आपदा का सामना कर रहा है। यहां के केंटकी राज्य में शनिवार शाम को आए भूकंप ने भारी तबाही मचाई है। रिपोट्सज़् के मुताबिक, यह तूफान अब तक 80 से ज्यादा लोगों की जान ले चुका है। सिफज़् केंटकी में ही 70 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। वहीं इलिनोइस में अमेजन के गोदाम की छत गिर जाने से करीब छह लोगों की मौत की खबर है।
पांच राज्यों में भंयकर तबाही
केंटकी से शुरू हुआ यह तूफान अब तक पांच राज्यों में भारी तबाही मचा चुका है। कई



गाड़ियां इस भंयकर तूफान की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। वहीं जान व माल को भी भारी नुकसान हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस तूफान को इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदियों में से एक बताया है। उन्होंने अपने बयान में कहा कि यह एक त्रासदी है। हम अभी भी नहीं कह सकते कि इस तूफान में कितने लोगों की जान चली गई है और कितना नुकसान हुआ है।
जिस शहर में सबसे ज्यादा तबाही हुई वहां पर सबकुछ अस्त व्यस्त हो चुका था। मेफील्ड शहर में कई घर, इमरातें मलबे में तब्दील हो गए हैं।

### अचानक छाया अंधेरा और फिर मौतों की खबर

बताया जा रहा है कि शनिवार को अचानक केंटकी में अंधेरा छा गया। भयंकर तूफान ने बहुत से लोगों को लील लिया। इसके बाद से बचाव दल के अधिकारी मलबे में दबे जीवित लोगों की तलाश कर रहे हैं। मरने वालों में कई केंटकी में एक मोमबत्ती कारखाने में काम कर करते थे। वहीं जिन छह लोगों की मौत हुई इलिनोइस में हुई है वे अमेजन के गोदाम में क्रिसमस के ऑडज़्र तैयार कर रहे थे। केंटकी के गवनज़्र एंडी बेशियर ने कहा कि यह इतिहास की सबसे विनाशकारी मानवीय आपदा है।



### आईएमडी की चेतावनी

## अगले 5 दिनों में इन 8 राज्यों में होगी भारी बारिश

### फिर पड़ेगी कड़ाके की ठंड

**नई दिल्ली।** देश के बड़े हिस्से में सर्दी दस्तक दे चुकी है। पहाड़ों पर बर्फबारी हो रही है तो मैदानी इलाकों में तापमान लगातार लुढ़क रहा है। इस बीच, भारतीय मौसम विभाग ने (आईएमडी) ने चेतावनी जारी की है। अनुसार, आने वाले 5 दिनों में देश के 8 राज्यों में भारी बारिश हो सकती है। मौसम बिगड़ेगा और इसके बाद कड़ाके की सर्दी पड़ेगी। ये राज्य हैं -
जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, कनाज़्टक, तमिलनाडु, पुडुचेरी और केरल। बता दें, पिछले दिनों भी मध्य प्रदेश समते देश के कुछ हिस्सों में बारिश हुई थी। इसका असर फसलों पर पड़ा था। आईएमडी का अनुमान भारत के अधिकांश हिस्सों में बारिश का दौर जारी है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने 'जवाद' चक्रवात का अनुभव करने के बाद आगामी पश्चिमी विक्षोभ के बारे में एक और नई चेतावनी जारी की है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण 13 दिसंबर से 15 दिसंबर के बीच जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के कुछ हिस्सों में छिटपुट बारिश और बफज़्बारी होने की संभावना है। 14 दिसंबर को हिमाचल प्रदेश में भी इसका असर देखने को मिलेगा। विशेष रूप से, देश के दक्षिणी हिस्सों जैसे आंध्र प्रदेश, कनाज़्टक, तमिलनाडु, पुडुचेरी और केरल में अगले पांच दिनों में बारिश की गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं। इस बीच, दक्षिणी क्षेत्र में भारी से मध्यम वषाज़् जारी है, उत्तरी क्षेत्र में शुष्क मौसम रहेगा और तापमान में कोई गिरावट नहीं होगी। असम, मेघालय, मिजोरम और त्रिपुरा जैसे पूवोज़्त्तर राज्यों में भी अगले 24 घंटों में घना कोहरा और कम दृश्यता देखी जा सकती है। वहीं स्कायमेट वेदर के अनुसार, अगले 24 घंटों के दौरान, आंध्र प्रदेश के दक्षिणी तट और तटीय तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। पूवीज़् असम, अरुणाचल प्रदेश, शेष तटीय आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु के शेष हिस्सों और केरल और लक्षद्वीप के अलग-अलग हिस्सों में

### न्यूजीलैण्ड में शख्स ने

## 24 घंटे में वैक्सीन का 10 बार लगवाया टीका

**वेलिंग्टन। पूरी दुनिया में वैक्सीन के लिए एक होड़ लगी हुई है। किसी को पहली डोज, किसी को दूसरी डोज तो किसी को बूस्टर डोज लगवानी है।**

कोरोना वायरस के नए वेरिएंट ओमीक्रोन के सामने आने के बाद वैक्सीन की मांग और ज्यादा बढ़ गई है क्योंकि विशेषज्ञों ने कहा है कि टीका ही एकमात्र बचाव है। लेकिन न्यूजीलैंड के एक शख्स के लिए 'जीवनरक्षक' वैक्सीन ही 'जान का जोखिम' बन गई और ये हुआ वैक्सीन की ओवरडोजिंग से।
अभी तक वैक्सीन की दो या कहीं-कहीं तीन खुराकें लगाई जा रही हैं लेकिन न्यूजीलैंड में एक शख्स ने 24 घंटे में वैक्सीन की 10 डोज लगवा लीं। खबर के सामने आने के बाद



स्वास्थ्य मंत्रालय हरकत में आया और जांच के आदेश दे दिए। मीडिया रिपोट्सज़् के मुताबिक वैक्सीन की हर डोज के लिए शख्स को पैसे दिए गए थे जिसके चलते उसने दिन में कई वैक्सिनेशन सेंटसज़् का दौरा किया था। अधिकारियों का कहना है कि उन्हें वैक्सीन ओवर डोजिंग मामले की जानकारी मिली है और वह इसे गंभीरता से ले रहे हैं।

### अधिकारी बोले- यह बहुत चिंताजनक स्थिति

न्यूजीलैंड स्वास्थ्य मंत्रालय के वैक्सिनेशन प्रोग्राम के समूह प्रबंधक एस्ट्रिड कोनज्नीफने कहा कि यह बहुत चिंताजनक स्थिति और हम कई एजेंसियों के संपकज़् में हैं। अगर आपको किसी ऐसे शख्स के बारे में पता है जिसने वैक्सीन की कई डोज ली हो तो उसे जल्द से जल्द डॉक्टर से मिलने की सलाह दें। फिलहाल मंत्रालय ने यह नहीं बताया है कि घटना कहां की है। विशेषज्ञों का कहना है कि एक दिन में वैक्सीन की इतनी डोज लेने का कोई डेटा मौजूद नहीं है।

### दुष्प्रभाव को लेकर सटीक जानकारी नहीं लेकिन खतरनाक

ऑकलैंड यूनिवसिज़्टी की प्रफेसर निक्की टनज़्र ने कहा कि इस्तेमाल की जा रही वैक्सीन को प्रारंभिक डेटा के आधार पर बनाया गया था। यह शरीर में मजबूत इम्युनिटी सिस्टम विकसित करता है। वैक्सीन की कई डोज लेना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है लेकिन सेहत पर इसके किस तरह के दुष्प्रभाव देखने को मिलते हैं, इसे लेकर कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। निश्चित रूप से यह सुरक्षित नहीं है और इसने उस शख्स के लिए जोखिम पैदा कर दिया है।




## भिखारियों का होगा सर्वे

# राशन पात्रता पर्ची के जरिए राशन ले सकेंगो भिखारी

**जबलपुर, यशभारत। मध्यप्रदेश देश में चौथा सबसे गरीब राज्य है। प्रदेश में गरीबी के आंकड़ों से सरकार भी परेशान है। इससे पीछा छुड़ाने और प्रदेश की छवि सुधारने के लिए सरकार एक नया तरीका आजमाने जा रही है। मध्य प्रदेश सरकार अब भिखारियों को सरकारी राशन उपलब्ध कराएगी।**

सरकार इन सभी को पीडीएस का रियायती राशन मुहैया कराएगी। इसके लिए पूरे प्रदेश में पंद्रह दिसंबर से निकायवार अभियान चलाकर ऐसे सभी लोगों को राशन की पात्रता पर्ची वितरित की जाएगी, जो भीख मांगकर अपना जीवन यापन करते हैं।

### प्रतिबंधित है भिक्षावृत्ति!

यूं तो मध्यप्रदेश में भिक्षावृत्ति प्रतिबंधित है, लेकिन इसके बाद भी काफी संख्या में गरीब व्यक्ति झुग्गी बस्तियों में, विभिन्न धार्मिक स्थल के पास, धर्मशालाओं के आसपास, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, चौराहों और

## छवि सुधारने के लिए मप्र सरकार की नई योजना

रिहायशी क्षेत्रों में मांगकर जीवन यापन करते दिखाई दे जाएंगे. ऐसे लोगों के लिए अब खाद्य विभाग पात्रता पर्ची जारी करेगा। खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत पात्रता पर्ची प्राप्त परिवारों की राशन उपलब्ध कराए जाने वाले लोगों की श्रेणी में शामिल किया जाएगा। इसके लिए 15 दिसंबर से सर्वे शुरू किया जा रहा है।

### ऐसे बनेगी राशन पात्रता पर्ची

सरकार द्वारा कराए जा रहे सर्वे में ऐसे सभी स्थानों पर प्रशासन की टीम जाएगी और लोगों से बात करेगी। उनसे पूछा जाएगा कि क्या उन्हें सार्वजनिक वितरण प्रणाली का सस्ता राशन मिल रहा है या नहीं। उनकी पात्रता पर्ची बनी है या नहीं. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत पात्र परिवार की श्रेणी में वे शामिल है या नहीं. प्रदेश में पात्रता पर्ची बनाने के लिए हितग्राही का आधार नंबर तथा श्रेणियों में पात्रता श्रेणी का प्रमाणीकरण आवश्यक है.।

### एसडीएम से प्रमाणीकरण करवाया जाएगा

उनको अन्य वंचित श्रेणी में रखकर प्राथमिकता से राशन पात्रता पर्ची बनाई जाएगी. ताकि उनके लिए आधार नंबर की अनिवार्यता को शिथिल करते हुए उन्हें योजना का लाभ दिलाया जा सके। खाद्य विभाग जो सर्वे कराने जा रहा है, उसमें ऐसे स्थानों को चिन्हित किया जाएगा जहां मांगकर गुजारा करने वाले लोग रहते हैं. पंद्रह दिसंबर तक प्रदेश के सभी निकायों में ऐसे स्थानों की सूची तैयार कर ली जाएगी. इसके बाद सवेज़ टीमें तैयार की जाएंगी. इन दलों को ऐसे परिवारों को खोजने और उन्हें राशन दिलाने के लिए क्या-क्या प्रक्रिया अपनाना है इसका 24 दिसंबर तक प्रशिक्षण दिया जाएगा. जानकारी के मुताबिक राज्य सरकार के निदेज़्श पर नगरीय प्रशासन और खाद्य विभाग पहले भिक्षुओं को तलाश करेगी और फिर उनके दस्तावेज चेक करेगी।

## चिंताजनक : तेजी से घट रहा है जबलपुर का भू-जल भंडार

# अभी नहीं संभले तो बिगड़ सकते हैं हालात

जबलपुर, यशभारत। केन्द्रीय भूजल बोर्ड द्वारा हाल ही में जारी की गई डायनेमिक ग्राउंड-वॉटर रिसोर्सं की रिपोर्टं में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, मध्यप्रदेश में भू-जल भंडार तेजी से खत्म हो रहा है। यहां 26 ब्लॉक्स ऐसे हैं, जहां भूजल भंडार सूखने की कगार पर है। रिपोर्ट को खतरे की घंटी मानते हुए प्रशासन ने भूजल सहेजने के अभियानों में तेजी लाने की बात की है

### जबलपुर में हो रही पानी की कमी

मध्यप्रदेश में भू-जल का भंडार तेजी से खत्म हो रहा है. वजह है भूमिगत जल का बेइंतहा दोहन और बारिश में ग्राउंड वाटर रि-चार्ज कम होना है। हालात किसी खतरे की घण्टी से कम नहीं है, जो केन्द्रीय भूजल बोर्ड द्वारा हाल ही में जारी की गई डायनेमिक ग्राउंड वॉटर रिपोर्ट 2020 से उजागर हुए हैं। केंद्रीय भूजल बोर्ड और मप्र सरकार द्वारा हाल में किए मूल्यांकन में हालात, साल 2017 की तुलना में 2020 में और गंभीर हो गए हैं। रिपोर्ट के इस मूल्यांकन में प्रदेश के 317 ब्लॉक में से 26 ब्लॉक ऐसे हैं. जहां भू-जल भंडार सूखने की कगार पर है. 50 ब्लॉक सेमी क्रिटिकल श्रेणी में आंके गए हैं. इनमें प्रदेश के भोपाल, ग्वालियर, इंदौर और जबलपुर शहर भी शामिल हैं. यहां भू-जल मौजूद है, लेकिन कम मात्रा में. सालाना दोहन



उपलब्धता से 90 फीसदी तक हो रहा है।

भूजल भंडार का सौ फीसदी या ज्यादा दोहन वाले ब्लॉक्स आगर मालवा जिले के नलखेड़ा, सुसनेर, बड़वानी जिले का पंसमेल, देवास जिले के देवास और सोनकच्छ, धार जिले के बदनावर, धार और नालचा, इंदौर जिले के इंदौर, सांवेर और देपालपुर, नीमच जिले के जावरा और नीमच, शाजापुर जिले के मोहन बरोदिया, शुजालपुर, और कालापीपल शामिल हैं।

### भूजल भंडार का 90 से 100 फीसदी दोहन वाले ब्लॉक्स

छिंदवाड़ा जिले का छिंदवाड़ा ब्लॉक, धार जिले का तिरला, जबलपुर जिले का जबलपुर शहर, मंदसौर जिले का भानपुरा और मल्हारगढ़, राजगढ़ जिले का सारंगपुर और नरसिंहगढ़, सीहोर जिले का आष्टा और आगर मालवा जिले का बड़ौद शामिल हैं.।

### भूजल भंडार का 70 से 90 फीसदी दोहन वाले ब्लॉक्स

ग्वालियर शहर, शिवपुरी जिले के नरवर, बदरवास, कोलारस, खनियांधाना और पिछोर, अशोकपुर जिले का ईसागढ़ शामिल हैं।

### गंभीर स्थिति में पहुंचा एमपी

गंभीर बात ये है कि साल 2017 के मुकाबले साल 2020 की डायनेमिक वॉटर रिसोसज़ रिपोर्ट में प्रदेश के सिर्फ 3 ब्लॉक्स में भूजल स्तर में सुधार हुआ, जबकि 16 ब्लॉक्स में भूजल स्तर के हालात बद से बदतर हो गए हैं. वहीं 294 ब्लॉक्स में कोई सुधार नहीं हुआ। रिपोर्ट में प्रदेश के बड़े शहरों के अलावा जबलपुर भी क्रिटिकल श्रेणी में हैं. जहां कलेक्टर भूजल सहेजने की योजनाओं पर तेजी से काम करने की बात कह रहे हैं।




# डॉ मुखर्जी की स्मृति में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**जबलपुर, यशभारत। शहर के जाने माने अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ एस एल मुखर्जी की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर मुखर्जी हॉस्पिटल और लाइफ केयर आईसीयू के संयुक्त तत्वावधान में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन रविवार को किया गया।**

जहां शहर के विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा अपनी सेवाएं निःशुल्क प्रदान की गयीं। इस जनसेवी आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि सांसद राकेश सिंह व बतौर विशिष्ट अतिथि विधायक विनय सक्सेना, यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला, पूर्व एमआईसी सदस्य कमलेश अग्रवाल मौजूद रहे। इस दौरान विभिन्न बीमारियों से पीड़ित लगभग दो सौ लोगों का निःशुल्क उपचार किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में मुख्य भूमिका डॉ अभिजीत मुखर्जी और डॉ मयंक चंसोरिया की रही।



## विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार को कारसेवा गाथा लेखनी भेंट

जबलपुर। विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार को जबलपुर के कारसेवकों की कारसेवा गाथा की लेखनी भेंट एवम गोंडी चित्रकला पुस्तक सांसद राकेश सिंह की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल ने भेंट की इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह चौहान, प्रान्त अध्यक्ष लछमन सिंह ,पंकज श्रीवात्री विभाग मंत्री, लेखराज सिंह मुन्ना भैया उपस्थित थे बिदित हो कि शरद अग्रवाल पूर्व में बजरंग दल के प्रथम जिला संयोजक रह चुके है।

## सच्चे मन से पुकारते ही चले आते हैं भगवान

जबलपुर, । श्रीराम मंदिर गोसलपुर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में व्यासगद्दी से पौराणिक राघवेंद्र त्रिपाठी ने रुक्मणि का हरण का वृतांत सुनाया गया। उन्होंने प्रवचन में कहा कि भगवान को सच्चे मन से पुकारते ही भगवान दौड़े चले आते हैं। रुक्मणि विदर्भ देश के राजा भीष्मक की पुत्री थी। वह भगवान श्रीकृष्ण से अनन्य प्रेम करती थी। सरल भाषा व मनोभावों के साथ रुक्मणि विवाह का चित्रण होने से श्रोता झूम उठे।

## वंदना मेहरा एनएसयूआई की प्रदेश उपाध्यक्ष बनी

जबलपुर। मध्यप्रदेश एनएसयूआई ने पदाधिकारियों की अपनी पहली लिस्ट जारी की है जिसमें प्रदेश से सिर्फ चार वरिष्ठ छात्र नेताओं को प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है जिसमें जबलपुर से भी पूर्व में एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष रह चुकी छात्र नेत्री सुश्री वंदना मेहरा को प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है वंदना की नियुक्ति पर विधायक विपिन वानखेड़े , राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश प्रभारी नितिश गौड़ व प्रदेश अध्यक्ष मंजुल त्रिपाठी को धन्यवाद दिया है। संगठन के अध्यक्ष विजय रजक, कौशल यादव, सौरभ गौतम, मोहसिन खान, शुभम रजक, शुभांशु कनौजिया, अमित मिश्रा, देवेंद्र काली, सचिन रजक, साहिल यादव, मोहम्मद अली आदि ने हर्ष व्यक्त किया है। वर्तमान एनएसयूआई अध्यक्ष मंजुल त्रिपाठी को बनाने में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विपिन वानखेड़े की भूमिका रही हैं और मंजुल भी विपिन वानखेड़े गुट से आते है विजय रजक भी आगर विधायक विपिन वानखेड़े के सबसे करीबी माने जाते है। इसलिए आगे की नियुक्ति में विजय गुट का दबदबा कायम रहेगा।



### ध्यान करने से दूर होगा जीवन का तनाव

## समय की पुकार आध्यात्मिकता विषय पर कार्यक्रम का आयोजन

जबलपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू से पधारे वरिष्ठ राजयोगी बीके हरिहर मुखर्जी भाई की उपस्थिति में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि के कटंगा कालोनी सेवा केंद्र में समय की पुकार आध्यात्मिकता विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता हरिहर मुखर्जी ने कहा कि वतज़्मान समय में जहां सुख और सुविधा के अनेक साधन सहजता से उपल?ध है, वहां भी मनुष्यों में दुख, अशांति और तनाव की भावना भी बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि जीवन शैली के बिगड़ने से मानसिक और शारीरिक बीमारियों से लोग ग्रसित हो रहे हैं। ऐसे समय में इलाज करने वाले भी मरीजों को ध्यान करने और अपने आप को शांत रखने के उपाय अपनाने की सलाह दे रहे हैं। आध्यात्मिकता हमें इन दोनों को अपने जीवन में सहज धारण करने की विधि है। वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बीके विमला दीदी ने कहा कि सभी धमोज़् की मूलभूत शिक्षाएं आपसी प्रेम, सद्भावना और एकता ही है। इन शिक्षाओं को एक सूत्र में पिरोने वाला धागा है आध्यात्मिकता। आध्यात्मिकता अपनाने से व्यक्ति सवज़् के प्रति समान भाव रखकर के स्वयं के स्वमान में रह कर सवज़् का सम्मान करता है ।

### मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ ने रखी मांग

# 15 वर्षों से प्रान नम्बर के लिए तरसे मेडिकल कॉलेज के स्वशासी कर्मचारी

जबलपुर। मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज विभागीय समिति अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने जारी विज्ञप्ति में बताया है कि शासन नियमानुसार दिनांक 01.01.2005 से नियुक्त शासकीय कर्मचारियों को एनपीएस (राष्ट्रीय पेंशन योजना) की पात्रता है। संघो के अथक प्रयासों के बाद एन.पी.सी. कटौत्रा नियम को चिकित्सा शिक्षा विभाग में भी लागू किये जाने के आदेश प्रसारित किये जा चुके है।

लेकिन बड़ा ही खेद का विषय है कि कार्यालय द्वारा वर्तमान में एनपीएम राशि कटौत्रा तो की जा रही है लेकिन कटौत्रा राशि शासन नियमानुसार संबंधित




कमज़्चारी के प्रान खाते में जमा नहीं की जा रही है और ना ही प्रान नंबर आवंटित की कोई कायज़्वाही की जा रही है। सभी संबंधित एन0पी0एस0 कमज़्चारियों की कटौत्रा राशि को कायाज़्लय द्वारा कायाज़्लय के खाते में जमा किया जा रहा है, जो कि नियम के विरूद्ध है। जिसके कारण कमज़्चारियों को ब्याज एवं अन्य शासन लाभ से वंचित रखा जा रहा है।

वही प्रदेश महामंत्री अजय कुमार दुबे ने बताया है कि 15 वर्षों से संघर्ष के बाद प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश जारी किए है फिर भी प्रान आईडी जनरेट की कोई भी कायज़्वाही नहीं हो रही है। कल जो साथी कमज़्चारियों की मृत्यु उपरांत उन्हें आज भी पेंशन के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है, साथ ही कई कमज़्चारी जिन्हें अपना स्थानांतरण करवाना है एम्पलाई आईडी ना होने के कारण स्थान स्थानांतरण से वंचित रहना पड़ रहा है। संघ के प्रतिनिधिमण्डल ने संस्था में नवीन पदस्थ वित्त अधिकारी से मुलाकात की, जिसमें वित्त अधिकारी द्वारा आश्वासन दिया गया है कि जल्द ही प्रान आईडी जनरेट कर दी जाएगी। एवं होने वाले कटौत्रा को नियमानुसार प्रान खाते में जमा कर ब्याज एवं अन्य समस्त लाभ प्रदाय किये जायेंगे। इस दौरान संघ के पदाधिकारी रविन्द्र राय, धीरज सिंह, समर सिंह ठाकुर, रामनरेश पटेल, हुकुम सिंह केवट, सोनसिंह उद्दे, जगदीश केवट, देवेन्द्र अहिरवार, विकास डेहरिया आदि कमज़्चारी साथी उपस्थित रहे।

# OFK वर्क्स कमेटी में लाल नीले का वर्चस्व

## केंटीन मे सभी4सीटों पर कब्जा चक्र मशाल सिर्फ एक पर

जबलपुर यशभारत ।कल शनिवार को खमरिया आयुध निर्माणी मे संपन्न वर्क्स कमेटी चुनाव में लेबर यूनियन लाल झंडा और एस सी एस टी यूनियन नीले झंडे ने संयुक्त रूप से10मे से9सीटों पर कब्जा कर लिया ।वहीं केंटीन की चारों सीटों पर भी लाल नीले झंडे का संयुक्त कब्जा हो गया ।प्रतिद्वंद्वी इंटक कामगार मोर्चा को मात्र एक सीट पर संतोष करना प?ा ।चुनाव परिणाम के बाद लाल नीला झंडा का जुलूस निकाल कर खुशी का इजहार किया ।लाल नीले संयुक्त मोर्चे के गौतम शर्मा सर्वाधिक मतों से जीते इसके बाद क्रमशः अजय सोरेन संजीव कुमार दिलखुश मीना आनंद कुमार रोहित प्रकाश सेठ संगम कुमार निर्भय सिंह और प्रभात रंजन जीते ।दसवीं सीट पर इंटक कामगार मोर्चे के प्रेम लाल सेन चक्र मशाल ने लाल नीला झंडा उम्मीदवार महेश कुमार को72वोटों से हराया ।केंटीन कमेटी में लाल नीला झंडा संयुक्त मोर्चा के चारों उम्मीदवार अजय शाक्य मनीष कुमार मलिक मुकेश कुमार और तेजभान विजयी हुए ।पिछली वर्क्स कमेटी में लालझंडे और इंटक के बीच हुए समझोते मे दोनों को बराबर सीट के साथ दोनों जगह कब्जा था ।तब कामगार और एस सी एस टी यूनियन दोनों शून्य पर रही ।इस बार लाल नीला और भगवा तिरंगा के बीच समझौता के साथ चुनाव ल?ा ।जिसमें सर्वाधिक सात सीटों पर लेबर यूनियन को सफलता मिली ।इंटक जहां शून्य पर आ गई वहीं कामगार यूनियन के प्रेमलाल ने यूनियन का खाता खोला ।एस सी एस टी यूनियन सर्वाधिक फायदे मे रही जिसने निर्माणी इतिहास में दो-दो सीटें केंटीन और वर्क्स कमेटी में जीती ।इस जीत पर सुरक्षा संस्थानों के लाल झंडे के नेता एस एन पाठक बी गुहाठाकुरता अनिल शर्मा रामप्रवेश वी दास पी के तिवारी मिठाई लाल रजक नेम सिंह नितेश सिंह नितिन चाकर श्री राम मीणा शरद बोरकर मनोज साहू आर एस तिवारी ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी है ।वहीं लेबर यूनियन खमरिया के पुष्पेंद्र सिंह अर्नव दास गुप्ता शरद अलवाल आदि ने उनके प्रति विश्वास व्यक्त करने पर कर्मचारियों का आभार जताया।



## अब तक नहीं तलाश सका जाम से निजात पाने का उपाय

# कृषि उपज मंडी में मटर की हो रही बम्पर आवक

**जबलपुर, यशभारत। जिले में इस साल भी मटर की बम्पर पैदावार हुई है। जिले की तीनों मंडियों में प्रतिदिन 15 से 16 हजार बोरी मटर आ रहा है। इतने मटर को लाने के लिए 500 से अधिक वाहनों की आवश्यकता होती है। सबसे ज्यादा वाहन विजय नगर स्थित संभाग की सबसे बड़ी मंडी में आते हैं। मंडी गेट से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को 270 से अधिक वाहनों में आठ हजार बोरी से ज्यादा मटर आया। किसान चाहते हैं कि उनका मटर जल्दी बिक जाए।**



दूसरी ओर व्यापारियों का प्रयास होता है कि बड़े वाहनों में मटर लोड कर दूसरे शहर या प्रदेश भेज दिया जाए। लेकिन, जाम के कारण उनकी परेशानी जस की तस बनी रहती है। मंडी से वाहन निकालने में घंटों लग जाते हैं। मंडी प्रशासन भी अब तक कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं कर सका है। ऐसे में थोक सब्जी मंडी परिसर में भारी भीड़ लग जाती है।

### पाटन की तरफ नहीं जोर

प्रशासन ने इस साल से कृषि उपज मंडी और सहजपुर मंडी के अलावा पाटन में तीसरी मंडी शुरू किया है। यहां भी मटर की खरीदी शुरू हो गई है। लेकिन, वहां पर्याप्त संख्या में किसान नहीं जा रहे हैं। इसका एक बड़ा कारण किसानों का विजय नगर मंडी के व्यापारियों से बीज और फसल की बोवनी के लिए एडवांस पैसा लेना है। वे पैसे चुकाने के लिए मटर का विक्रय यहीं करते हैं। जबलपुरी मटर का टैग लगाने में भी देरी हो रही है। ऐसे में पाटन में 800-1000 बोरी ही मटर पहुंच रहा है। सहजपुर मंडी में प्रतिदिन 5 से 6 हजार बोरी मटर आ रहा है। पाटन मंडी सचिव सुनील पांडे ने बताया कि मंडी में विक्रय के साथ व्यापारियों को तुरंत लाइसेंस देने की व्यवस्था भी है।

### मंडियों में मटर की आवक

मंडी : आवक (बोरी) : वाहन
विजय नगर : 8000-10000 : 280-300
सहजपुर : 5000-6000 : 200-225
पाटन मंडी : 800-1000 : 50-60

### ये हो सकते हैं उपाय

- पाटन मंडी को व्यवस्थित कर किसानों को उपज बेचने के लिए प्रोत्साहित किया जाए
- वाहनों को मंडी से निकलने के लिए हॉट बाजार लगी मंडी की दीवार से नया गेट बनाया जाए

# दो साल बाद विवि और कॉलेजों में होगी युवा उत्सव की धूम

## दो लाख छात्र करेंगे सहभागिता, जबलपुर में 19 दिसंबर से होगी शुरुआत

जबलपुर,यशभारत। करीब दो साल बाद एक बार कॉलेजों और विश्वविद्यालय में युवा उत्सव का आयोजन होने जा रहा है। जबलपुर के रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय से सम्बद्ध इंटर कॉलेज के दो लाख छात्र-छात्राएं इसमें शामिल होंगे। इसकी कमान रानी दुगाज़्वती विश्वविद्यालय को सौंपी गई है। पांच जिलों के प्रतिभागी इसमें हिस्सा लेंगे।



### जिला स्तर के लिए अधिकृत कॉलेज

-शास. होमसाइंस कॉलेज जबलपुर
- शास. कन्या महाविद्यालय, मंडला
-शास. कन्या महाविद्यालय, नरसिंहपुर
- शास. तिलक महाविद्यालय, कटनी
- शास. महाविद्यालय, डिंडोरी

इन तिथियों में होंगे आयोजन
- इंटर कॉलेज प्रतियोगिता : 19, 20 , 21 दिसंबर
- इंटर कॉलेज डिस्ट्रिक्ट लेवल : 28, 29, 30 दिसंबर
- इंटर डिस्ट्रिक्ट यूनिवसिज़्टी लेवल : 7, 8, 9 जनवरी, 2022 - इंटर यूनिवसिज़्टी स्टेट लेवल : 20, 21, 22 जनवरी, 2022

### 22 विधाओं में होंगे आयोजन

बताया गया कि 22 विधाओं में युवा उत्सव का आयोजन होगा। इसमें प्ले मॉडलिंग, पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग, गायन, नृत्य, पाश्चात्य गायन, पाश्चात्य नृत्य, कॉमेडी, मिमिक्री, एक्टिंग, मूक अभिनय आदि प्रतियोगिताएं होंगी। इसमें कॉलेज स्तर से लेकर विश्वविद्यालयीन और फिर प्रदेश स्तर पर छात्र सहभागिता करेंगे। विजयी प्रतिभागी को नकद इनाम और प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। इसकी शुरुआत 19 दिसंबर से हो रही है।

### ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए

छात्र नेताओं ने कहा कि यह अच्छी पहल की गई है। इस तरह के आयोजन होते रहने चाहिए। इससे छात्रा-छात्राओं का बहुमुखी विकास होता है। कोरोना काल ने विवि स्टूडेंट का भी बंहुत नुकसान किया है। खेल गतिविधियां पूरी तरह से ठप हो गई थीं। इससे विवि या कॉलेज का माहौल पूरी तरह से नीरस हो गया था। स्टूडेंट की तरफ से लम्बे समय से मांग की जा रही थी कि कोरोना का कहर कम होने के बाद से पढ़ाई के अलावा अन्य गतिविधियां जल्द शुरू की जाएं। लेकिन, विवि प्रशासन के भी हाथ बंधे थे। उसे सरकार की ओर से दबाव था कि किसी तरह की गतिविधियों अभी शुरू नहीं की जाएं। अनुमति मिलने के बाद इस मामले में निणज़्य लिया गया है।

# शोहदे ने घर में घुसकर विवाहिता से की छेड़छाड़

जबलपुर, यशभारत। पनागर के सरसमा ग्राम में आज रविवार को सुबह 5 बजे एक घर में घुसकर शोहदे ने विवाहिता से छेड़छाड़ कर, अश्लील हरकतें करने लगा। जब उसने शोर मचाया तो आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने छेड़छाड़ का मामला दर्ज कर, फरार शोहदे को सरगर्मी से तलाश कर रही है। पनागर थाना प्रभारी आरके सोनी ने बताया कि 28 वर्षीय विवाहिता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि आज सुबह जब उसके पति खेत में काम पर गए हुए थे तब मौका पाकर दुलीचंद रजक 30 वर्ष उसके घर में घुस गया और छेड़छाड़ कर, अश्लील हरकतें करने लगा। जब उसने शोर मचाया तो वह घर से धमकी देकर भाग गया। पीड़िता ने घर पहुंचे पति को सारी बातें बताई। जिसके बाद थाने में शिकायत की गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मौत को दावत दे रहे ये पर्यटक

# एक गलत कदम और सीधे मौत

जबलपुर, यशभारत। हेल्दी सीजन शुरू हो चुका है। शहर से लगे पिकनिक स्पॉटों पर पर्यटकों की भीड़ बढने लगी है। इन स्पॉटों पर कई ऐसे प्वाइंट हैं, जो खतरनाक हैं। इन जगहों पर कई हादसे भी हो चुके हैं। प्रशासन ने ऐसी जगहों पर पर्यटकों को दूर रहने के लिए चेतावनी बोर्ड लगाए हैं लेकिन यह दिखावा साबित हो रहे हैं। इन जगहों पर कोई भी ऐसी व्यवस्था नहीं है, जहां ऐसी जगहों तक जाने वाले लोगों को रोका जाए। गुलाबी ठंड में पिकनिक सहित प्राकृतिक सौंदर्य को निहारने के लिए पर्यटकों सहित शहर के लोगों की इन जगहों पर भीड़ होने लगी है।



इनमें विश्वविख्यात संगमरमरी वादियों से घिरा भेड़ाघाट, प्राकृतिक वातावरण से भरपूर भदभदा फॉल, परियट जलाशय आदि ऐसी जगह हैं, जो लोगों की पसंदीदा बन गई है। ठंड होते ही इन जगहों पर पिकनिक का आनंद लिया जाता है। दूर दराज से आने वाले पर्यटक भी यहां सैर करते हैं। भेड़ाघाट में वषज़् भर लोग आते हैं। ठंड में पर्यटक बढ़ जाते है।

### चेतावनी बोर्ड दिखावा बना

पिकनिक स्पॉटों पर खतरनाक जगहों के बारे में चेतावनी बोर्ड लगा दिए गए हैं लेकिन यहां लोगों के जाने पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है और न ही यहां कोई पहरेदार की व्यवस्था है, जो लोगों को इन खतरनाक प्वाइंट से दूर रख सके। इससे होता यह है कि मस्ती में युवा उन प्वाइंट तक पहुंच रहे हैं, इसमें कई परिवार भी हैं, जो इन जगहों पर प्राकृतिक आनंद की अनुभूति लेने के लिए उन खतरनाक जगहों तक पहुंच रहे हैं।

### यहां हो चुके हैं हादसे

भेड़ाघाट, घुघरा, परियट में सेल्फी के दौरान कई हादसे हो चुके हैं। भेड़ाघाट में तो ऊंची चट्टान में सेल्फी लेते समय युवती पानी में समा चुकी है। परियट में नहाते समय युवक डूब चुके हैं। घुघरा फॉल में भी नहाते समय दुर्घटना हो चुकी है।



# शहर की सड़कों से गुजरेंगे सैन्य व सुरंगरोधी वाहन

**वी एफ जे मे आजादी का अमृत महोत्सव का आयोजन**

**जबलपुर यशभारत।**व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर में कल13 से 19 दिसंबर तक आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा हैद्य कार्यक्रम के तहत व्हीकल फैक्ट्री द्वारा निर्मित सैन्य वाहनों की प्रदर्शनी वाहन रैली, फोटो एवं चलचित्र प्रदर्शनी तथा अन्य रंगारंग कार्यक्रम संपन्न किए जायेंगे द्य साथ ही बताया कि जी आई एफ के उत्पाद प्रदर्शनी में अवलोकन हेतु रखे जायेंगे। उक्त जानकारी व्ही एफ जे के कार्यवाहक महाप्रबंधक प्रेमचंद ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान दी।

तय कार्यक्रम के अनुसार कल 13 दिसंबर को प्रात: 9 बजे फैक्ट्री के सैन्य वाहनों की वाहन रैली निर्माणी के गेट क्रमांक 6 से निकलेगी तथा पूरे शहर का भ्रमण करेगीद्य इसी क्रम मे सैन्य वाहन प्रदर्शनी का उद्घाटन शाम 6 अशोक रोहाणी विधायक कैंट कम्युनिटी हॉल सेक्टर 2 में करेंगे।

वर्ष 1969 में जबलपुर में स्थापित वाहन निर्माणी भारतीय सेना को सैन्य वाहनों की आपूर्ति करने हेतु भारत सरकार रक्षा मंत्रालय की इकाई वाहन निर्माणी में सैन्य वाहनों के उत्पादन की शुरूआत शक्तिमान, निशान तथा जोंगा जैसे शक्तिशाली सैन्य वाहनों के साथ हुई। समय के साथ कदम मिलाते हुए वाहन निर्माणी ने भारतीय सेना के प्रति प्रतिबद्धता दिखाई है। 1998 से नई पीढ़ी के वाहनों का उत्पादन प्रारंभ अशोक लेलैंड तथा टाटा मोटर्स की सहभागिता से हुआ। इसके सेनाके लिए किचन कंटेनर तथा वाटर बाउजर जैसे उपयोगी वाहनों के साथ भातीय सेना की मांग पर ही वर्ष 2008-09 से निर्माणी में अत्याधुनिक सैन्य वाहन माइन प्रोटेक्टेड व्हीकल 4ङ्ग4 का उत्पादन प्रारंभ हुआ। यह वाहन निर्माणी की अति विशिष्ट पहचान है। जिसे सेना के साथ अर्धसैनिक बलों को उनकी मांग पर आपूर्ति की जा रही है। समय के साथ निर्माणी में अब माइन प्रोटेक्टेड व्हीकल 6ङ्ग6 का भी उत्पादन शुरू किया गया है। जो अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सराहा जा रहा है।इसी क्रम मे सारंग एम-46 की अपगनिंग का कार्य करना भी शुरू किया है। यह निर्माणी का नया उद्यम है जिसमें निर्माणी को आशातीत सफलता मिली है।

भारत सरकार के आत्मनिर्भर भारत की मुहिम में कदम से कदम मिलाते हुए वाहन निर्माणी जबलपुर भारतीय सेना के लिए नित समर्पित है।चर्चा में ए जी एम डी एन वर्मा ए के राय विकास पुरवार रामेश्वर मीणा शैलेन्द्र सिंह एवं मोहन साहू आदि ने शहर वासियों से19दिसंबर तक शाम4से8बजे तक प्रदर्शनी अवलोकन की अपील की है।

# कटंगी में रंजिशन जलती हुई लकड़ी से हमला

## युवक के पूरे शरीर में पड़ गए फफोले

**जबलपुर, यशभारत। कटंगी में आग सेंक रहे एक युवक पर रंजिशन आरोपी ने जलती लकड़ी से हमला कर बुरी तरह जला दिया। हमले में युवक के पूरे शरीर में फफोले पड़ गए। जिसके बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर, मामले की शिकायत की।**

**एफआईआर दर्ज, मामले की जांच जारी**

पुलिय ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार अंग सिंह कुचबंधिया 31 वर्ष निवासी दमोह ने पुलिस को बताया कि कटंगी में अशोक कुचबंधिया के यहां लड़की की शादी में आया था। हल्ले कुचबंधिया निवासी जबेरा भी शादी में आया था, हल्ले कुचबंधिया से उसकी रंजिश थी। जब वह आग ताप रहा था हल्ले कुचबंधिया आया और गाली गलौज करने लगा, उसने गालियां देने से मना किया तो हल्ले कुचबंधिया ने जलती हुई लकड़ी से हमला कर उसे हाथ, पैर और पेट में आग से झुलसा दिया और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर,जांच में लिया है।

# लार्डगंज में खेलने गए युवक का 30 हजार का मोबाइल, पर्स ले उड़े चोर

जबलपुर, यशभारत। लार्डगंज के रानीताल स्टेडियम में जेपी अकेड़मी में अपने दोस्तों के साथ खेलने आए एक युवक का बैग चोरों ने पार कर दिया। बैग में एक करीब तीस हजार का मोबाइल, पर्स, एटीमएम कार्ड्स आदि था। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच शुरु कर दी है। पुलिस को अमन सक्सेना पिता कृष्ण गोपाल सक्सेना निवासी संजीवनी नगर थाने के पीछे ने बताया कि वह पेशे से अभिनेता है और कल शाम यहां अकेडमी में अपने दोस्तों के साथ खेलने आया था। इस दौरान उसने अपना बैग पास में ही रख दिया था। लेकिन जब घर जाते समय बैग उठना गया तो वहां से बैग गायब मिला। जिसके बाद उसने आसपास पता किया, लेकिन किसी ने कुछ नहीं बताया। थकहार कर युवक ने पुलिस में शिकायत की। अब पुलिस यहां लगे सीसीटीव्ही की मदद से चोरों का सुराग लगा रही है।

## सगाई में गया था परिवार

# चोरों ने घर के पीछे का दरबाजा तोड़कर उड़ा लिया 50 हजार का सामान

जबलपुर, यशभारत। अधारताल में सगाई में गए परिवार के घर पर धाबा बोलते हुए चोरों ने घर के पीछे का दरबाजा तोड़कर घर के अंदर रखे गहने और गेहूं व बर्तन सहित करीब पचार हजार के माल पर हाथ साफ कर, रफूचक्कर हो गए। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर, शातिर चोरों को तलाश करने में जुटी है। जानकारी अनुसार श्रीमती हेमा सेन 40 वर्ष निवासी शंकर नगर सुहागी ने पुलिस को बताया कि कल दोपहर लगभग 1.30 बजे घर में ताला लगाकर परिवार सहित बजरंगनगर रांझी अपने रिश्तेदारी में सगाई समारोह में गये थे गये थे। शाम लगभग 6 बजे घर वापस आये और घर का मेन गेट खोलकर अंदर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। कोई शातिर चोर पीछे का दरवाजा तोड़कर घर के अंदर घुसकर सोने का लॉकेट ,झुमकी, चांदी की पायल, नगदी रूपये, गेहूॅ , बर्तन सहित लगभग 50 हजार रूपये का सामान चोरी कर ले गए।























# Career As Web Developers, Designers

# नौकरियां, कोर्स, सैलरी और तरक्की की संभावना



**आज के समय में, वेब डेवलपमेंट या वेब साइट डेवलपर का काम हर कंपनी की जरूरत बन चुका है। बीते कुछ सालों में डिजिटल मीडिया का तेजी से विकास हुआ है, इसलिए आज लगभग हर क्षेत्र में उसके डिजिटल तंत्र को देखरेख और अपडेशन की लगातार जरूरत पडती है। विदेशों में भी इस स्किल में कुशल युवाओं के लिए अच्छे मौके उपलब्ध हैं।**

माना जा रहा है कि वैश्विक स्तर पर वेब डेवलपर की नौकरियों में 2028 तक 13 फीसदी का इजाफा होगा। अकेले अमेरिका में आने वाले सालों में इसकी मांग में 8 फीसदी के इजाफे का अनुमान है। और इसका कारण है वैश्विक स्तर पर बीते दो-एक सालों में मोबाइल फोन के उपयोग और ई-कॉमर्स में आई तेजी। इसीलिए 2021 में जिन जॉब्स की सबसे ज्यादा मांग रहेगी, उनमें इसे शुरुआती सूची में शामिल माना जा रहा है।

## वेब डेवलपर क्या है

वेब डेवलपर एक प्रोग्रामर होता है, जो क्लाइंट-सर्वर मॉडल का उपयोग करके वेबसाइट के विकास और इस्तेमाल को सुनिश्चित करने का काम अंजाम देता है। वह वेबसाइटों को डिजाइन करने, कोडिंग और संशोधित करने और क्लाइंट के निर्देशों के अनुसार उसमें बदलाव करने के लिए जिम्मेदार होता है। जब भी किसी वेबसाइट को बनाया जाता है, उसके लिए एक साइट मैप तैयार किया जाता है, जो आमतौर पर किसी टीम द्वारा बनाया जाता है। उस साइट मैप को वेबसाइट का रूप देने वाले को वेब डेवलपर कहा जाता है।

वेब डेवलपर का काम तीन हिस्सों में होता है- फ्रंट एंड, बैक एंड व वेब और डिजिटल इंटरफेस डिजाइनिंग। फ्रंट एंड से मतलब होता है वेबसाइट के पेज के लुक और लेआउट से। लेआउट में ग्राफिक, एप्लीकेशंस यानी एप्स और अन्य कंटेंट को इंटीग्रेट किया जाता है। फोटोज, कलर, फॉन्ट आदि के साथ इस बात का ध्यान रखा जाता है कि वेबसाइट का लुक आकर्षक बने और वह उपयोग करने में सहज और इंटरैक्टिव हो। वहीं बैक एंड वेब डेवलपर वेबसाइट की कुल तकनीकी संरचना से सम्बंधित कामकाज देखते हैं। वे मैनेजमेंट के साथ मिलकर उसकी आवश्यकता के अनुसार वेबसाइट को डेवलप करते हैं। वे कंप्यूटर लैंग्वेजेस का प्रयोग करके वेब डिजाइन प्रोग्राम भी बनाते हैं। इसके अतिरिक्त फ्रंट एंड और बैक एंड दोनों को अपने अनुभव के अनुसार संभालते हुए और वेबसाइट पर आने वाले यूजर के अनुभव को समझते हुए वेबसाइट डिजाइनिंग का काम भी होता है। उसे फुल स्टेक डेवलपर कहा जाता है।

## महत्वपूर्ण स्किल

व्यक्तित्व के स्तर पर क्रिएटिविटी का गुण जरूरी है, क्योंकि वेबसाइट बनाने में उसके फ्रंट एंड पर इस गुण के चलते आपको ब?त रहेगी। इसके अलावा, टीम के साथ मिल कर काम करने के लिए कम्यूनिकेशन स्किल अच्छे होने चाहिए।

## शैक्षणिक योग्यता

वेब डेवलपर बनने वाले के लिए किसी भी स्ट्रीम से बारहवीं उत्तीण होना अनिवार्य है। इसके बाद वेब डेवलपर से सम्बंधित अंडरग्रेजुएट, डिप्लोमा या सर्टिफिकेशन कोर्स कर सकते हैं। कुछ प्रोग्रामिंग लैंग्वेजेस, जैसे- पायथन, सी++, एचटीएमएल, पीएचपी, जावा्क्रिप्ट आदि आनी चाहिए। साथ ही, नई लैंग्वेजेस, जैसे- रिएक्ट, व्यू फ्रंट, नोडजे और एक्सप्रेस लीड आदि पर भी ध्यान दें।

## कहां से करें कोर्स

वेब डेवलपर बनने के लिए अभ्यर्थी एनरोल्ड एजेंट (ईए) का कोर्स कर सकते हैं।

## बारहवीं करने के बाद

अभ्यर्थी बीएससी कंप्यूटर साइंस, बीकॉम कंप्यूटर साइंस, बीसीए का कोर्स कर सकते हैं। ग्रेजुएशन करने के बाद एमसीए या एमबीए-आईटी के विकल्प भी खुले हैं। उच्च शिक्षा से अच्छे पद पर नियुक्ति में आसानी होती है। कंप्यूटर साइंस के फुल-टाइम कोर्स के लिए राष्ट्रीय या संस्थान स्तर की प्रवेश परीक्षाएं होती हैं। ऑनलाइन कोर्सेरा, उडेमी, एडएक्स जैसे मंचों से भी ये कोर्स कर सकते हैं। एनआईआईटी, एरीना मल्टी मीडिया से भी कोर्स कर सकते हैं। सिर्फ वेब डिजाइनिंग से जु?ना चाहते हैं, तो एनआईआईटी, एरीना मल्टी मीडिया, पंपकिन, एकेडमी ऑफ डिजिटल आर्ट्स के अलावा अपने आसपास के कंप्यूटर इंस्टीट्यूट से वेब डिजाइनिंग का कोर्स कर सकते हैं। यह तीन से चार माह महीने का कोर्स होता है।

## क्या हैं चुनौतियां

’ वेबसाइट को हाई डाटा ट्रैफिक के लिए तैयार करना एक ब?ी चुनौती होती है।

’ वेबसाइट की सिक्योरिटी पर भी लगातार काम करना होता है।

’ अच्छे अवसरों के लिए इस क्षेत्र की उच्च शिक्षा जरूरी है।

’ सभी तकनीकी पहलुओं का ध्यान रखते हुए वेबसाइट को यूजर-फ्रेंडली डिजाइन करना आसान काम नहीं होता।

## अवसर

यह एक प्रगतिशील इंडस्ट्री है, जो हरदम रूप बदलती है और नई तकनीक से समृद्ध होती रहती है। इसीलिए इस क्षेत्र में आपके लिए अवसरों की कमी नहीं है। आपके लिए बतौर वेब डेवलपर विदेशों में भी अवसर बनेंगे। बहुत सी कंपनियां पार्ट-टाइम नियुक्तियां भी करती हैं। फुल-टाइम नियुक्ति में रोजाना के वेबसाइट मेंटेनेंस, अपडेट और मार्केट ट्रेंड के हिसाब से वेबसाइट अपडेट करने का काम होगा। इस क्षेत्र में आमतौर पर इन पदों पर काम पा सकते हैं-


**फ्रंट एंड डेवलपर** = ये वेबसाइट के कोड के एक्सपर्ट होते हैं। ये यूजर इंटरफेस बनाने में माहिर होते हैं और वेब डिजाइनिंग का काम भी करते हैं। ये विभिन्न कंप्यूटर लैंग्वेजेस पर काम करते हैं।

**वेब डेवलपर** = इस पद पर रहते हुए आपकी जिम्मेदारी एक तरह से वेबसाइट की री? की रचना करने की होगी। यह एक अहम पद है। डिबगिंग का काम भी आपका होगा और कंप्यूटर प्रोग्राम भी बनाने हो सकते हैं।

**प्रोजेक्ट मैनेजर** = एक वेब डेवलपर को अनुभव के बाद प्रोजेक्ट मैनेजर के तौर पर भी नियुक्तियां मिलती हैं, जिसमें वह किसी एक प्रोजेक्ट के लिए वेब डेवलपिंग के सारे काम अंजाम देता है। यह टीम लीडर होता है और उसे कई लोगों के साथ मिल कर काम करना प? सकता है।

**फुलस्टैक इंजीनियर** = किसी साइट के फ्रंट एंड और बैक एंड ऑपरेशन में अगर आप माहिर हैं, तो आप फुल स्टैक इंजीनियर के तौर पर भी काम कर सकते हैं।

**सॉफ्टवेयर आर्किटेक्ट** = इसी दिशा में आगे चलते हुए आप टीम को लीड कर सकते हैं और सॉफ्टवेयर आर्किटेक्ट के तौर पर भी खुद को ढाल सकते हैं।



**विदेश/वर्क फ्रॉम होम के अवसर** = महामारी के दौर में वर्क फ्रॉम होम के लिए भी यह अच्छा विकल्प है। अनुभवी व्यक्ति को विदेशों में काम करने के मौके भी मिलते हैं।

वेब डेवलपर के तौर पर काम करते हुए यदि आप गेम डेवलपमेंट में जाना चाहें, तो तकनीकी स्किल्स अपग्रेड करके फील्ड में बदलाव कर सकते हैं। जाहिर है इसमें चुनौतियां ज्यादा मिलेंगी।

## आय

वेब डेवलपर की सैलरी कंपनी, काम करने की जगह और अनुभव के हिसाब से होती है। करियर की शुरुआत आमतौर पर लगभग 20-25 हजार रुपये प्रतिमाह से होती है। अनुभव के अनुसार कमाई ब?ती जाती है। उच्च पदों पर यह सैलरी एक से दो लाख रुपये प्रतिमाह तक या उससे ज्यादा भी हो सकती है। विदेशों में वेब डेवलपर का सैलरी पैकेज बहुत आकर्षक होता है।

## क्या कहते हैं एक्सपर्ट

हर कंपनी की जरूरत है वेब डेवलपर

अब हर सेक्टर के लिए तमाम तरह की वेबसाइटें उपलब्ध हैं, इसीलिए इस कौशल के लिए अवसर तो बहुत हैं। लेकिन, उसी अनुसार प्रतियोगिता भी काफी है। जरूरी है कि नई कम्प्यूटर तकनीक और लैंग्वेज आदि से अपडेट रहें। अपनी वेबसाइट बनाएं। इंटर्नशिप जरूर करें। सॉफ्टवेयर, प्रोग्रामिंग और डिजाइनिंग के इवेंट, जैसे- हैकाथॉन का हिस्सा बनकर अनुभव बटोरें। फ्रीलांस वर्क करें, ताकि आपको विविध तरह की वेबसाइटों पर काम करने का अनुभव हो। साथ ही, क्लाइंट की जरूरत को समझ कर वेबसाइट को यूजर-फ्रेंडली बनाने में महारत हासिल करें। -

# आप का राशिफल 13 दिसंबर

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ)
कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-4-5

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगे। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-2-3-७

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-2-3-5

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। आत्मविश्वास बढ़ेगा। शुभांक-3-4-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-1-3-4

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-2-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। पुराने मित्र मिलेगें। शुभांक-3-6-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेलजोल से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। शुभांक-3-6-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्यों में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-4-6

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगे। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-4-5-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
शनै:-शनै: स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-3-6-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-3-5

## फिल्म वर्ग पहेली- 5676



**ऊपर से नीचे:-**

१. रानी ने इसमें अंधी एवं गूंगी-बहरी लड़की की भूमिका की है-२
२. फिरोज, संजय खान, मुमताज की फिल्म-२
३. 'आज गालो मुस्करालो' गीत वाली फिल्म-४
४. शम्मीकपूर, सायरा की एक फिल्म-३
६. 'सनम तुम हम पे मरते' गीत वाली फिल्म-३
८. 'मैं तुझसे मिलने आई' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा पारेख की फिल्म-२
९. धर्मेन्द्र, रेखा की 'ऐ हवा ये बता' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'संसार है एक नदिया' गीत वाली विनोद मेहरा, डैनी, मौसमी चटर्जी की फिल्म-३
११. 'तुम तो परदेसी हो' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'ना सतरा से ऊपर ना सोला से कम' गीत वाली नवीन निश्चल, रेखा की फिल्म-२
१३. अशोककुमार, मधुबाला की 'आयेगा आने वाला' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'मैं इश्क उसका' गीत वाली फिल्म-२
१८. जिमी शेरगिल, इरफान, ऋषिता भट्ट की 'अब घर आजा' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'गोरी कँवारी सी हसीना का' गीत वाली अक्षयकुमार, करिश्मा की फिल्म-३
२१. शाहरूख, मनीषा, प्रीति की फिल्म-२,१
२२.फिल्म 'आरम्भ' में राकेश के साथ नायिका-२
२५. राजनीकांत, पद्मिनी, विजेयता की फिल्म-४
२६. 'ऐ यार सुन यारी' गीत वाली अमिताभ, शशिकपूरस रेखा, परवीन बाबी की फिल्म-३
२८. शॉवरअली, तरूण, मेघना नायडू कीफिल्म-३
२९. 'सुबह सुबह जब' गीत वाली फिल्म-२
३१. ऋतिक रोशन, करीना कपूर की फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. अजय, सुनील शेट्टी, प्रियंका, दीया की 'जाना नहीं था' गीत वाली फिल्म-२,२
५. अनिल, अक्षय, मनोज, करीना की 'मेरा दिल जिस' गीत वाली फिल्म-३
७. 'चाँद को क्या मालूम' गीत वाली पृथ्वीराज, शेख मुख्तार की फिल्म-२,३
९. सनी देओल, अमीषा पटेल की 'मुसाफिर जाने वाले' गीत वाली फिल्म-३
११. 'जाओ जाओ हमसे क्या' गीत वाली जैकी श्रॉफ अमृतासिंह की फिल्म-२,३
१४. राजेश खन्ना, बबीता की 'अकेले हैं चले आओ' गीत वाली फिल्म-२
१५. गुड्डु धनोआ निर्देशित इमरान खान, शाहबाज खान, तब्बू की फिल्म-२
१७. करण दीवान, वैजयंतीमाला की 'दुनिया का मजा लेलो' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'तुम मुझे भूल भी जाओ' गीत वाली सुनीलदत्त, वहीदा रहमान की फिल्म-२
२१. जीतेंद्र, रेखा की 'गाँव में होते हँसते रोते' गीत वाली फिल्म-४
२३. प्रकाश झा निर्देशित मनोहरसिंह, अन्नूकपूर, सरला, दीप्ति नवल की फिल्म-३
२४. शशिकपूर, शर्मिला टैगोर की 'जिक्र होता है जब कयामत का' गीत वाली फिल्म-२,२
२६. 'दिल में जागी धड़कन ऐसे' गीत वाली लकी अली, गौरी कार्णिक की फिल्म-२
२७. प्रशांत, संध्या की 'पंख होते तो उड़ आती रे' गीत वाली फिल्म-३
३०. फिल्म 'जबर्दस्त' में सनी देओल के साथ नायिक कौन थी-४
३२. जैकी, अमरीश, डिम्पल की 'हम न समझे थे' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'सपने में मिलती है' गीत वाली डी. चक्रवर्ती, मनोज वाजपेयी, उर्मिला मातोंडकर की फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली- 5675**



Jagrutidaur.com, Bangalore

## सेहत

# सेहत बचाने में काम आएंगे अदरक, लहसुन, तुलसी, नीम, काली मिर्च

इन दिनों लोग वातावरण में फैल रहे स्मॉग या वायु प्रदूषण से जूझ रहे हैं। स्मॉग के प्रदूषक तत्व सांस के जरिये हमारे शरीर में पहुंच जाते हैं, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित होते हैं। ये कुछ समय बाद फेफडों की कार्यक्षमता को प्रभावित करते हैं। साथ ही हाई ब्लड प्रेशर, हार्ट अटैक, डायबिटीज, साइनोसाइटिस आदि स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकते हैं। प्रदूषण से बचने के लिए जरूरी है कि आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत हो। प्रदूषण के अति सूक्ष्म तत्व, जिन्हें मेडिकल की भाषा में फ्री-रेडिकल्स बुलाया जाता है, को साफ करने के लिए शरीर को विषैले पदार्थों से मुक्त कराना जरूरी है। यह तभी होता है, जब आपका पाचन तंत्र अच्छी तरह काम कर रहा हो। आयुर्वेद के हिसाब से आपका पाचन तंत्र ठीक होगा तो शरीर में त्रिदोष- वात, पित्त और कफ कम होंगे, आव नहीं बनेगा, पाचन प्रक्रिया सुचारु चलेगी और खांसी-जुकाम, सांस लेने में दिक्कत नहीं होगी। वातावरण में फैले प्रदूषण का सामना करने और प्रतिरोधक क्षमता को दुरुस्त करने के लिए आयुर्वेद दैनिक जीवन में अदरक, लहसुन, तुलसी, नीम, काली मिर्च, पीपली जैसी चीजें अपनाने पर बल देता है। आपको नाक को साफ रखने के लिए गाय के शुद्ध घी की एक-एक बूंद सुबह-शाम नाक में डालनी चाहिए। इससे सांस की नली साफ हो जाती है, जिससे सांस लेने में दिक्कत नहीं होती और हानिकारक तत्व फेफ्डों तक नही पहुंचते। ’ फेफ?ों को साफ करने में गुढ बहुत फायदेमंद है। इसमें मौजूद आयरन हमारी धमनियों को भी साफ करता है, जिससे ब्लड में ऑक्सीजन की आपूर्ति तेज होती है और श्वास संबंधी दिक्कत कम होती है। रोजाना 5 ग्राम गुढ का सेवन करना चाहिए। रात को गर्र्म दूध के साथ सोते समय भी गुढ ले सकते हैं। इसे दिन में कभी भी खा सकते हैं। चाहे तो चाय में गुढ भी डाल सकते हैं और इसकी सहायता से तिल के लड्डू भी बना सकते हैं।’ रात को सोते समय त्रिफला ले सकते हैं। यह आपकी प्रतिरोधक क्षमता बढाने के साथ पाचन तंत्र को भी सुचारु करने में मदद करेगा। एक चम्मच त्रिफला शहद, गुनगुने पानी या दूध के साथ ले सकते हैं। इसे शहद के साथ लेना ज्यादा फायदेमंद है। बच्चों के लिए त्रिफला का सिरप भी विशेषज्ञ के पास उपलब्ध होता है। जरूरतमंद बच्चे को सोते समय एक चम्मच सिरप दे सकते हैं। त्रिफला हमारे शरीर के तीन दोषों- वात, पित्त और कफ को सम प्रकृति में रखने में सहायक है। यानी ये दोष अगर बढे या घटे हुए हैं तो त्रिफला उन्हें संतुलित कर देता है।खट्टे फल जरूर लेने चाहिए। संतरा, नीबू,ऑरेंज जूस बहुत अच्छे होते हैं। ये हृदय के लिए भी अच्छे होते हैं।’ दिन में दो बार अदरक की चाय पीना फायदेमंद है। आधा चम्मच अदरक के रस में आधा चम्मच शहद मिलाकर लें। अदरक इम्यूनिटी को बढाती है और सांस से जुडी समस्याओं में फायदेमंद है।’ गले में खराश महसूस हो रही हो तो अदरक का काढा पिएं। एक गिलास में छोटा-सा अदरक का टुकडा बारीक काटकर, 4-5 पत्ते तुलसी और 2-3 दाने काली मिर्च के मिलाकर दो कप पानी में उबालें। पानी आधा रह जाए तो छानकर पी लें। ऐसा दिन भर में 2-3 बार करें। इससे गले की खराश कम होगी और श्वसन तंत्र दुरुस्त होगा। अगर बलगम की शिकायत है तो उस काढे में थोडा रॉक सॉल्ट मिला लें।’

## सूडोकु नवताल- 6180

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

Jagruti

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6179 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |




**विचार प्रवाह**

धर्म परम्परा नहीं, परम है। धर्म आवरण नहीं, आचरण है। धर्म बला नहीं, जीने की कला है। धर्म क्रूरता नहीं, करुणा है। आज धर्म के नाम पर संसार में जो हत्याएं और युद्ध हो रहे हैं, वह धर्म नहीं, धर्म की लाश है और जब तक इस लाश को घर से बाहर नहीं निकाला जाएगा, तब तक देश और दुनिया में सुख शांति नहीं होगी। हिन्दुस्तान में 20 लाख देवी देवता हैं जिनकी सभी लोग पूजा करते हैं। देवी देवता सिर्फ पूजा के लिए नहीं हैं, वरन उनसे प्रेरणा भी लेनी चाहिए।

■ मुनिश्री तरुणसागर

## शब्द पहेली - 7241



**बाएँ से दाएँ**

1.भगवान, ईश्वर,रब-7
6.रुपये का सोलहवां भाग-2
7.मध्यप्रदेश का एक भाग-3
8.मूल्य,कीमत,दर-2
10.जी,इच्छा,चित-2
11.नलका,टोंटी-2
13.बारीक,सूक्ष्म-3
14.रेखा,लाइन-3
15.रग,नाड़ी-2
17.अधिकार -2
18.वध,कत्ल,मर्डर-2
20.दौड़ने वाला,धावक (अंग्रेजी-3)
21.एक आंख वाला-2
22.निंदा करना,प्रतिष्ठा खंडित करना-4,3

**ऊपर से नीचे**

2.निर्माण,बनाना-3
3.एक संगीतकार-4
4.गाड़ी चलानेवाला-4
5.नखरा-2
6.आरामदेय-5
9.इच्छा पूरी करना-2,3
10.चिंतन-3
12.उत्साह,जिज्ञासा-3
16.हद,सीमा,बार्डर-4
17.हमेशा,सदैव-4
19.बलिदान,परित्याग, विरक्ति-2
21.नास्तिक (उर्दू-2)

**शब्द पहेली-7240 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

### कृषि में लागत कम करने के लिए नवाचारों को बढ़ावा देने कस्टम प्रोसेसिंग केंद्र स्थापित किए जाएंगे

# नए संकल्पों से शुरू होगा सीएम शिवराज सिंह चौहान का नया साल

**भोपाल । मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान नए साल की शुरुआत नए संकल्प के साथ करेंगे। वर्ष 2022 में रोजगार के अवसरों में वृद्धि, विभागों में प्रशासनिक कसावट के साथ योजनाओं के लक्ष्यों को प्राप्त करने पर सर्वाधिक जोर रहेगा। इसके लिए मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों को न सिर्फ मैदान में उतारा जाएगा बल्कि मुख्यमंत्री स्वयं भी दौरे करने के साथ समीक्षा करेंगे। समीक्षा का सिलसिला तीन जनवरी 2022 से प्रारंभ होगा, जो सात जनवरी तक चलेगा। इसमें सभी विभागों का प्रस्तुतीकरण होगा, जिसमें आत्म निर्भर मध्य प्रदेश के तहत वर्ष 2022 के लिए विभाग की कार्ययोजना, मुख्यमंत्री की घोषणा आदि विषयों पर चर्चा की जाएगी।**

#### सीएम सचिवालय ने जारी किए

#### तीन से सात जनवरी तक सभी

बैठक में विभागीय मंत्री, अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव और विभागाध्यक्ष मौजूद रहेंगे। वर्ष 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए सरकार वर्ष 2022 में प्राथमिकताएं तय करके काम करेगी।

आत्म निर्भर मध्य प्रदेश की कार्ययोजना के आधार पर विभागों के लक्ष्य निर्धारित होंगे। इसी आधार पर बजट भी तैयार होगा। समीक्षा में मुख्यमंत्री सभी विभागों के मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा के बाद अपनी अपेक्षाएं साझा करेंगे। दरअसल, फरवरी तक पंचायत और इसके बाद नगरीय निकाय चुनाव होने हैं। इससे सरकार कोई नया काम तो प्रारंभ नहीं कर पाएगी पर उसकी तैयारियां जरूरी कर ली जाएंगी ताकि चुनाव के बाद तेज गति के साथ धरातल पर काम होने लगे। प्रदेश में निवेश को ब?ावा देने के लिए निवेशकों के सम्मेलन करने के साथ सर्वाधिक जोर रोजगार के अधिक से अधिक अवसर सृजित करने पर रहेगा।

#### दिशा-निर्देश

कृषि में लागत कम करने के लिए नवाचारों को ब?ावा देने कस्टम प्रोसेसिंग केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इसकी प्रारंभिक तैयारियां भी हो चुकी हैं। इसमें मशीनें खरीदने पर चालीस प्रतिशत तक अनुदान (अधिकतम दस लाख रुपये) सरकार द्वारा दिया जाएगा। माफिया के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। पत्थरबाजों द्वारा सार्वजनिक और निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर वसूली का कानून भी सरकार बनाने जा रही है। मुख्यमंत्री सचिवालय ने सभी विभागों को समीक्षा बैठक की तैयारी के दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।



#### विभागों की होगी समीक्षा

तीन जनवरी = सामान्य प्रशासन, वित्त, गृह, जेल, वाणिज्यिक कर, राजस्व, खेल एवं युवक कल्याण, परिवहन, वन और श्रम।**चार जनवरी** = उद्योग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, विधि एवं विधायी, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी, सहकारिता, कृषि, मछुआ कल्याण, पशुपालन, ऊर्जा और नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा।

भोपाल में लगी लोक अदालत, 21,721 मामलों का हुआ निराकरण, 87 करो? 21 लाख की राशि के अवार्ड पारित

भोपाल में लगी लोक अदालत, 21,721 मामलों का हुआ निराकरण, 87 करो? 21 लाख की राशि के अवार्ड पारित

**पांच जनवरी** = खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, नगरीय विकास एवं आवास, सामाजिक न्याय, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, लोक निर्माण, स्कूल शिक्षा, विमानन, भोपाल गैस त्रासदी, राहत एवं पुनर्वास, पर्यटन और संस्कृति।

**छह जनवरी** = पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जनजातीय कार्य, अनुसूचित जाति कल्याण, पिछ?ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त, घुमक्क? एवं अर्द्धघुमक्क? जनजाति, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, आयुष, जल संसाधन और नर्मदा घाटी विकास।

**सात जनवरी** = लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, उच्च शिक्षा, लोक सेवा प्रबंधन, जनसंपर्क, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास, महिला एवं बाल विकास, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण, कुटीर एवं ग्रामोद्योग, खनिज साधन, पर्यावरण और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन।

### 16 से शुरू हो रहा खरमास, जानिए अगले साल कब-कब बज सकेंगी शहनाइयां

# कल शादियों का आखिरी मुहूर्त



**15 जनवरी 2022 तक रहेगा विराम। अगले साल मार्च से मध्य अप्रैल तक मीन अस्त और खरमास के कारण मांगलिक कार्य नहीं होंगे।**

**भोपाल।** कोरोना काल में लगाए गए लाकडाउन के खत्म होने के बाद इस सहालग (लगन) में तेजी के साथ विवाह हुए। हालांकि 16 दिसंबर से खरमास शुरू होने के साथ ही एक माह के लिए शादी-ब्याह समेत मांगलिक कार्यों पर रोक लग जाएगी। इस साल 13 दिसंबर को शादियों का आखिरी मुहूर्त है। 14 और 15 दिसंबर को शादियों के कोई मुहूर्त नहीं है। पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि हिंदू पंचाग के अनुसार 16 दिसंबर से खरमास शुरू हो रहा है। खरमास को %मलमास% भी कहा गया है। कहते हैं, खरमास में सारे मांगलिक और धार्मिक कार्य बंद कर दिए जाते हैं। ऐसे में खरमास समाप्त होने तक भगवान शिव की आराधना लोगों के लिए फलदायक होती है। खरमास का यह समय एक माह तक रहेगा। अब इस माह विवाह के सिर्फ दो शुभ मुहूर्त विद्यमान है। इसके बाद अगले साल यानि जनवरी 2022 में मकर संक्रांति के बाद ही मांगलिक कार्यों की शुरुआत हो पाएगी। पंडित चातुर नारायाण शास्त्री के अनुसार सूर्य का धनु राशि में प्रवेश 16 दिसम्बर को होगा। धनु की संक्रांति होने के कारण विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन संस्कार सहित ब? मांगलिक कार्य नहीं होते हैं। जब सूर्य धनु राशि और मीन राशि में रहता है, तो वह खरमास कहलाता है। खरमास में मांगलिक कार्य वर्जित रहते हैं। इसलिए 16 दिसम्बर से 15 जनवरी 2022 मकर संक्रांति तक मांगलिक कार्यों पर विराम लगा रहेगा।

#### अगले साल मार्च में नहीं होंगे विवाह

पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि अगले साल 15 जनवरी से विवाह कार्यों की शुरुआत होगी। इसके बाद 23 फरवरी तक विवाह के योग रहेंगे, लेकिन 23 फरवरी के बाद गुरु अस्त होने के कारण विवाह कार्यों पर विराम लगेगा। इसी प्रकार मार्च में गुरु अस्त और 15 मार्च से 15 अप्रैल तक खरमास होने के कारण भी विवाह नहीं होंगे। 15 अप्रैल के बाद विवाह कार्यों की शुरूआत होगी। इसके बाद देवशयनी एकादशी तक हर माह विवाह के मुहूर्त रहेंगे।

अगले साल किस माह कितने मुहूर्त -

जनवरी = 15, 20, 25, 27 व 30 जनवरी।

फरवरी = चार, छह, नौ, 11, 16, 17

#### मार्च = मीन की संक्रांति और गुरु अस्त के कारण विवाह नहीं

अप्रैल = 15, 17, 19, 23, 27, 28

मई = दो ,चार, नौ, 20, 24, 26, 31

जून = एक, पांच, 17, 21, 23, 26

जुलाई = दो, तीन, पांच, छह, आठ

नवंबर = चार, 26, 28


दिसंबर = दो, चार, सात, नौ, 12, 15

# कड़ाके की सर्दी के बीच रातभर से पानी की टंकी पर चढ़ा रहा परिवार, उतारने का प्रयास जारी

**भोपाल । औबेदुल्लागंज स्थित जमीन पर दबंग द्वारा कब्जा करने से परेशान रितेश गिरी गोस्वामी शनिवार शाम साढे पांच बजे कस्तूरबा नगर में करीब 110 फीट ऊंची पानी पर चढ गया। उसके साथ पत्नी सीमा और तीन बच्चे भी हैं। घटना का पता चलते ही पुलिस-प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। नगर निगम, एसडीआरफ की रेस्क्यू टीम भी वहां पहुंच गई।**

टंकी पर चढे गिरी दंपती ऊपर से पुलिस-प्रशासन पर न्याय नहीं करने का आरोप लगा रहे थे। यह परिवार रातभर पानी की टंकी पर ही चढ़ा रहा नीचे पुलिस-प्रशासन की टीम भी मौजूद रही। इसके पहले 26 अगस्त को भी यह परिवार मिसरोद क्षेत्र में टंकी पर चढ गया था। तब समस्या के समाधान का आश्वासन मिलने पर आठ घंटे बाद वे लोग टंकी से नीचे उतर आए थे।

कस्तूरबा नगर में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब कालोनी के लोगों ने पानी की टंकी पर चढे लोगों द्वारा ऊपर से कूदने की धमकी देना शुरू कर दी। सूचना मिलते ही एएसपी राजेशसिंह भदौरिया, एसडीएम मनोज वर्मा सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंची। एसडीएम, एएसपी ने माइक से रितेश से नीचे उतरकर बात करने की अपील की। कालोनी के लोगों ने भी रितेश से पूरी सहानुभूति जताते हुए नीचे आने की लगातार अपील की, लेकिन वे लोग नहीं माने। यहां तक कि गौहरगंज एसडीएम आदित्य शर्मा, औबेदुल्लागंज थाना प्रभारी संदीप चौरसिया भी मौके पर आ गए, लेकिन गिरी परिवार कड़ाके की सर्दी में रातभर टंकी पर ही चढ़ा रहा। मौके पर मौजूद पुलिस और प्रशासन का अमला उसे समझाइश देकर नीचे उतारने के प्रयास कर रहा रहा है। गोविंदपुरा थाना प्रभारी अशोक सिंह परिहार ने बताया कि परिवार को समझाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उसे नीचे उतारने के प्रयास जारी हैं। किसी भी तरह की अनहोनी से निपटने की तैयारी भी की जा रही है, ताकि टंकी पर चढ़े शख्स और उसके बीवी-बच्चों को सुरक्षित बचाया जा सके।



**दबंग से त्रस्त परिवार तीन माह में दूसरी बार पानी की टंकी पर चढा। रायसेन जिले में औबेदुल्लागंज की जमीन पर कब्जे का आरोप।**

#### परिवार का क्या है आरोप

रितेश (47) का आरोप है कि उसकी भोजपुर स्थित जमीन पर धनंजयसिंह चौहान नाम के व्यक्ति ने कब्जा कर लिया है। न तो पुलिस उसकी सुनाई कर रही है और न ही प्रशासन के अधिकारी उसके साथ न्याय कर रहे हैं। वह अपनी जमीन पर जाता है कि तो उसके साथ मारपीट की जाती है। रितेश ने आरोप लगाया कि शनिवार को सुबह खेत पर उसकी बेटी के साथ मारपीट की गई।

## सीआरपीएफ के एसआइ की गिरफ्तारी के लिए असम जाएगी पुलिस

भोपाल,। बैरागढ़ पुलिस ने सीआरपीएफ के एक एसआई के खिलाफ महिला हवलदार की शिकायत पर दुष्कर्म की एफआईआर दर्ज की है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस अब असम पुलिस से संपर्क कर रही है। साथ ही सीआरपीएफ के अधिकारियों से पुलिस ने बात की है। जल्द ही उसकी गिरफ्तारी के लिए बैरागढ़ पुलिस असम जाएगी। आला अधिकारियों के निर्देश के बाद इस मामले में आरोपित एसआइ पर दर्ज ज्यादती के मामले की जानकारी सीआरपीएफ को दी जा रही है। बैरागढ़ पुलिस इंस्पेक्टर बृजेश शर्मा के अनुसार 26 वर्षीय पीडिता फिलहाल राजस्थान सीआरपीएफ में पदस्थ है और वहां रहती है। वर्ष 2019 में वह भोपाल के बंगरसिया सीआरपीएफ कैंप में पदस्थ थी। वहीं आरोपित सुरेंद्र यादव भी एएसआइ के पद पर पदस्थ था। आरोपित ने इसी दौरान पहले महिला हवलदार से दोस्ती की और बाद में उससे प्रेम का इजहार किया, जिसे पीडिता ने स्वीकार कर लिया था। बाद में दोनों का साथ घूमना-फिरना होने लगा। वर्ष 2019 में महिला हवलदार को घुमाने का झांसा देकर आरोपित बैरागढ के एक होटल में लेकर पहुंच गया। वहां उसके साथ ज्यादती की और जल्द शादी करने का झांसा दिया। बाद में आरोपित की असम में पदस्थापना हो गई और पीडिता की भी दूसरे स्थान पर पदस्थापना होने के कारण दोनों अलग हो गए। इसी दौरान आरोपित ने पीड़िता से दूरियां बना लीं और उससे सभी संबंध खत्म कर लिए। इस पर महिला हवलदार ने उससे बात की और शादी का वादा याद दिलाया, लेकिन आरोपित साफ मुकर गया। इस पर पीडिता ने आरोपित के खिलाफ एफआइआर दर्ज करा दी। अब पुलिस आरोपित एसआइ की गिरफ्तार करने के लिए असम जाने की तैयारी में है।

### प्रदेश में पांच ड्रोन स्कूल खोलने की घोषणा

# हर क्षेत्र में क्रांतिकारी साबित हो रही ड्रोन तकनीक : सिंधिया

#### कहा- आने वाले समय में 3 लाख युवाओं को मिलेंगे रोजगार के अवसर



भोपाल। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच है कि ऐसी तकनीक हो, जो जन-जन की जिंदगी में बदलाव लाए। प्रधानमंत्री की इसी मंशा के अनुरूप ड्रोन तकनीक को बढ़ावा दिया जा रहा है। रक्षा, कृषि, स्वास्थ्य सहित हर क्षेत्र में ड्रोन तकनीक क्रांतिकारी साबित हो रही है। यह तकनीक गरीबी को समृद्धि में तब्दील करने का साधन बनी है। साथ ही युवाओं के लिए विकास के नए अवसर लेकर आई है। आने वाले समय में ड्रोन तकनीक से 3 लाख युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

सिंधिया शनिवार को ग्वालियर में आयोजित च्ड्रोन मेलेज्ञ् को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने प्रदेश में पांच ड्रोन स्कूल खोलने की घोषणा भी की। ग्वालियर के माधव प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान (एमआईटीएस) में प्रदेश के पहले ड्रोन मेले का आयोजन किया गया, जिसका शुभारम्भ शनिवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया। इस मौके पर केंद्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर भी मौजूद रहे।

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि ड्रोन मेला ग्वालियर के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। इसके माध्यम से हम नई क्रांति के साक्षी बने हैं। आगे आने वाले समय में ड्रोन तकनीक से विश्व की अथज़्व्यवस्था एवं जीवन में बड़े बदलाव आएंगे। उन्होंने कहा, खुशी की बात है कि ड्रोन तकनीक के इस्तेमाल में मध्य प्रदेश देश का अव्वल राज्य है।

सिंधिया ने कहा कि ड्रोन तकनीक को बढ़ावा देने के लिए नियमों को आसान बनाया गया है। पहले जहां कंपनियों को 25 फामज़् भरने पड़ते थे, वह संख्या घटाकर पांच कर दी गई है। लाइसेंस की प्रक्रिया और पंजीकरण में स्पष्टता बढ़ाई गई है। सुलभ एवं सरल ड्रोन की प्रतिबद्धता के साथ सरकार काम कर रही है।

सिंधिया ने घोषणा की कि मध्य प्रदेश में पांच ड्रोन स्कूल खोले जाएंगे। यह स्कूल ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, जबलपुर और सतना में खुलेंगे। इन स्कूलों के जरिए ड्रोन तकनीक का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे युवाओं को रोजगार मिलेंगे। साथ ही ड्रोन तकनीक का भी विकास और आत्मनिभज़्रता में भरपूर इस्तेमाल हो सकेगा। उन्होंने ग्वालियर के एमआईटीएस में ड्रोन एक्सीलेंसी सेंटर खोलने की बात भी कही। इसके लिए एक कंपनी के साथ

#### ड्रोन मेले की प्रदर्शनी सेक्टर का अवलोकन

मुख्यमंत्री चौहान केंद्रीय मंत्री तोमर एवं सिंधिया और राज्य सरकार के अन्य मंत्रियों के साथ ड्रोन मेला परिसर में विभिन्न कंपनियों द्वारा लगाई गई ड्रोन प्रदशज़्नी देखने भी पहुंचे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ड्रोन कंपनियों के संचालकों से कृषि, आपदा प्रबंधन, फसल सवेज़् तथा जनकल्याण के अन्य क्षेत्रों में ड्रोन के इस्तेमाल के बारे में जानकारी ली। ड्रोन मेले में भाग लेने आईं लगभग एक दजज़्न कंपनियों ने अपनी-अपनी सेवाओं का प्रदर्शन किया। साथ ही ड्रोन के हैरतअंगेज करतब दिखाकर लोगों को आश्चयज़्चकित कर दिया। ड्रोन मेले में थ्रॉटल एयरोस्पेस सिस्टम बैंगलोर, एस्टेरिया एयरोस्पेस लिमिटेड बैंगलोर, मारूत ड्रोन्स हैदराबाद, ड्रोन डेस्टिनेशन नईदिल्ली, एग्री उड़ान प्रा.लि. अहमदाबाद, ग्वालियर पुलिस, बीसा सिम्यट नईदिल्ली सहित अन्य कंपनियों ने उवज़्रक बीज छिड़काव व परिवहन, सविज़्लांस, वनीकरण, जरूरी वस्तुओं का परिवहन इत्यादि का अपने-अपने ड्रोन से प्रदशज़्न किया।

# हर वोटर पर खर्च होंगे 35 रुपये

## चुनाव आयोग ने बनाया इस्टीमेट

**भोपाल। मध्य प्रदेश में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव का बिगुल बज चुका है। इस चुनाव में राज्य निवाज़्चन आयोग 70 करोड़ से ज्यादा रुपये खचज़् करेगा। हर ब्लॉक के जनप्रतिनिधि चुनने में राज्य निवाज़्चन आयोग को औसतन 22.36 लाख रुपये खचज़् करने होंगे। इन चुनावों में सबसे ज्यादा रुपये खरगोन, बालाघाट, सागर, सतना और रीवा के पंचायत चुनाव में खचज़् होंगे, जबकि निवाड़ी, अलीराजपुर, उमरिया, हरदा और बुरहानपुर में चुनाव का खचज़् सबसे कम होगा।**

जानकारी के मुताबिक, मध्य प्रदेश में पंचायत में 2 करोड़ 2 लाख से अधिक मतदाता हैं। हर वोटर राज्य निवाज़्चन आयोग करीब 35 रुपये खर्च करेगा। आयोग ने अकेले पेट्रोल और परिवहन पर 14 करोड़ रुपये के खचज़् का अनुमान लगाया है। चुनाव में लगने वाले कमज़्चारियों के मानदेय और सामग्री पर करीब 43.67 करोड़ रुपये खचज़् होंगे। इसके अलावा मतदान कायज़्, मतगणना में लगे कमज़्चारियों को भोजन कराने में ही 7 करोड़ रुपए खचज़् हो जाएंगे।

#### इन जिलों में ज्यादा खर्च

मध्य प्रदेश के पंचायत चुनाव के दौरान 6 जिलों में




सबसे ज्यादा खचज़् आएगा. धार, खरगोन, बालाघाट, सागर, सतना और रीवा में सबसे ज्यादा खचज़् होगा. दरअसल, इन जिलों में ही सबसे ज्यादा देहाती इलाके, अतिसंवेदनशील और संवेदनशील मतदान केंद्र हैं. रीवा में पिछले पंचायत चुनाव में करीब ढाई करोड़ रुपये, धार में करीब सवा दो करोड़ रुपये, सतना में करीब 2.31 करोड़ रुपये, खरगोन में 2.5 करोड़ रुपये खर्च हुए. चुनाव में सबसे कम खचज़् निवाड़ी, अलीराजपुर, हरदा, बुरहानपुर, उमरिया में होगा।

कलेक्टर हर महीने चुनाव आयोग को देंगे खचज़् की रिपोर्ट

राज्य निवाज़्चन आयोग ने चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ ही जिले के कलेक्टरों को बजट भी आवंटित कर दिया. आयोग ने कलेक्टरों को निदेज़्श दिए हैं कि जो राशि जिस काम के लिए दी गई है उसी के लिए खर्च करें. अगर किसी काम के लिए ज्यादा बजट चाहिए तो प्रस्ताव बनाकर भेजें. कलेक्टर चुनाव के दौरान हर महीने खर्च होने वाली राशि की रिपोटज़् राज्य निवाज़्चन आयोग को देंगे।

#### हाई कोर्ट ने रोक लगाने से किया इंकार

बता दें, पंचायत चुनाव पर जबलपुर हाईकोटज़् ने रोक लगाने से इनकार कर दिया है. यानी साफहै कि तय अधिसूचना के मुताबिक ही मध्यप्रदेश में पंचायत चुनाव कराए जाएंगे. अदालत के फैसले के बाद अब याचिकाकताज़् सुप्रीम कोटज़् का दरवाजा खटखटाने जा रहे हैं. मध्य प्रदेश हाईकोटज़् ने उन तमाम याचिकाओं की सुनवाई की जिस पर मध्यप्रदेश पंचायत निवाज़्चन प्रक्रिया को चुनौती दी गई थी। अदालत में याचिकाकताओज़्ं की ओर से पक्ष रखने वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक कृष्ण तन्खा ने पैरवी की और तमाम सिद्धांतों और न्याय दृष्टांतों का हवाला देते हुए लंबी बहस की. लेकिन हाईकोटज़् इन तमाम दलीलों को सुनने के बाद भी पंचायत चुनाव पर रोक लगाने पर राजी नहीं हुआ. किसी भी प्रकार की अंतरिम रोक लगाने से इनकार करते हुए हाईकोटज़् ने याचिका पर सरकार और निवाज़्चन आयोग से जवाब जरूर तलब किया है।

## जिला आपदा प्रबंधन समूह की बैठक सम्पन्न

# जिले में बेहतर कोविड टीकाकरण करने पर बधाई- प्रभारी मंत्री

*__नरसिंहपुर यभाप्र।__ मध्यप्रदेश शासन के वन मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन समूह की बैठक शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, लोकसभा सांसद राव उदय प्रताप सिंह, स्थानीय विधायक जालम सिंह पटैल, अभिलाष मिश्रा, कलेक्टर रोहित सिंह, पुलिस अधीक्षक विपुल श्रीवास्तव, सीईओ जिला पंचायत डॉ. सौरभ संजय सोनवणे अन्य सदस्य और अधिकारी मौजूद थे।*



प्रारंभ में अधिकारियों से परिचय लेते हुए प्रभारी मंत्री डॉ. शाह ने कहा कि जिले में कोविड टीकाकरण के 8 लाख 79 हजार 711 के लक्ष्य के विरूद्ध 8 लाख 17 हजार 720 प्रथम डोज और 6 लाख 39 हजार 872 द्वितीय डोज लगाये गये हैं। प्रथम डोज में 94.02 प्रतिशत और द्वितीय डोज में लक्ष्य की 73.57 प्रतिशत उपलब्धि की सराहना करते हुए प्रभारी मंत्री ने जिले में बेहतर कोविड टीकाकरण पर इस कार्य में लगी टीम को और टीकाकरण में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष सहयोग देने वाले सभी लोगों को बधाई दी। साथ ही नये वर्ष पर टीकाकरण अमले, स्वास्थ्य कर्मियों का स्वागत कर सम्मान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि शेष टीकाकरण लक्ष्य दिसम्बर माह के अंत तक पूर्ण कर लिया जाये।

### ऑक्सीजन प्लांट हो संचालित

प्रभारी मंत्री डॉ. शाह ने जिले में संचालित किये जा रहे ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट की भी जानकारी ली। सीएमएचओ डॉ. अजय कुमार जैन द्वारा बताया गया कि जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर एवं सिविल अस्पताल गाडरवारा में ऑक्सीजन प्लांट सुचारू रूप से संचालित किये जा रहे हैंए जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोटेगांव में प्लांट का कार्य प्रगति पर है। प्रभारी मंत्री डॉ. शाह ने कहा कि ऑक्सीजन प्लांट सक्रिय रूप से संचालित होते रहें, इसका विशेष ध्यान रखा जाये। इसके अलावा ऑक्सीजन सिलेंडर की फिलिंग करने के लिए जिन मशीनों की भी आवश्यकता है, उसकी व्यवस्था की जाये। अतिरिक्त ऑक्सीजन सिलेंडरों की आपूर्ति अन्य जिलों को भी की जाये, इससे प्राप्त राशि का उपयोग जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं में किया जाये।

### कोरोना सैम्पलिंग में न हो कमी

बैठक में प्रभारी मंत्री डॉ. शाह ने निर्देश दिये कि जिले में कोरोना सैम्पलिंग में कमी नहीं होना चाहिये। कोरोना की संभावित तीसरी लहर के लिए पहले से अलर्ट रहें। इसके लिए सभी व्यवस्थायें पहले से ही पुख्ता कर ली जावें। इनमें किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहना चाहिये। सैम्पलिंग का कार्य स्वास्थ्य संस्थाओं के अलावा सार्वजनिक स्थलों जैसे मंडी, रेलवे स्टेशन, बस स्टेंड, हाट बाजार आदि में भी लगातार किया जाये। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में उपलब्ध ऑक्सीजन कांसंट्रेटर मशीन की जानकारी ली और कहा कि कांसंट्रेटर चालू अवस्था में हों एवं उसके फिल्टर साफ हों। इसके लिए स्वास्थ्य केन्द्रों में मॉकड्रिल जैसी तैयारी रखी जाये। स्वास्थ्य केन्द्रों में पर्याप्त दवाईयों की उपलब्धता रहे। वेंटीलेटर्स चालू अवस्था में रहें। स्वास्थ्य संस्थाओं की एम्बुलेंस दुरूस्त रहें। आवश्यकतानुसार वाहन चालकों की व्यवस्था की जाये।

### गन्ना किसानों की समस्याओं का तत्परता से निदान करें

बैठक में प्रभारी मंत्री डॉ. शाह ने जिले के गन्ना किसानों की समस्याओं का तत्परता से निदान करने और समय पर भुगतान सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सीईओ जिला पंचायत को निर्देशित किया कि वे सुगर मिल प्रबंधन के साथ बैठक कर किसानों का भुगतान समय पर सुनिश्चित करायें। प्रभारी मंत्री ने गाडरवारा तहसील के ग्राम सोकलपुर के किसान पारस सिंह पटैल की गन्ना फसल के भुगतान लंबित रहने की शिकायत को संज्ञान में लेकर इसके त्वरित निराकरण के लिए निर्देशित किया। इस पर कृषक पारस पटैल के गन्ना की बकाया एक लाख 50 हजार 240 रूपये की राशि ब्याज सहित एक लाख 68 हजार 240 रूपये का भुगतान ग्राम पटवारी के समक्ष प्रतीक इंडस्ट्रीज पिठेहरा से 11 दिसम्बर को ही करवाया गया।

---

#### सीईओ कर रहा है जातिवाद जिससे पंचायत चुनाव प्रभावित होने की संभावना

# कुंडम जनपद पंचायत कार्यालय में चल रहा है जंगलराज

**शुक्रवार को अपर कलेक्टर राजेश बाथम ने कुंडम जनपद कार्यालय पहुंचकर यहां पर चुनाव की चल रही तैयारियों का जायजा लिया एवं राजेश बाथम अपर कलेक्टर ने शासकीय महाविद्यालय में मतदान सामग्रियों की वितरण एवं वापसी की व्यवस्था का निरीक्षण किया गया**

जहां पर जनपद कार्यालय में पहुंच कर स्थानीय पत्रकारों ने सीईओ ओंकार सिंह ठाकुर की चुनाव संबंधी जानकारी लेनी चाही मगर सीईओ द्वारा अभद्र तरीकों से बात कर कहां कि मेरे पास अभी आप से बात करने का समय नहीं है जबकि कार्यालय में अकेली चपरासियों एवं बाबू के साथ बाहर बैठकर गप्पे कर रहे थे सीईओ कुंडम कार्यालय में जातिवाद चला रहे हैं और एक अधिकारी होने के कारण उनके पास आम नागरिक अपनी समस्याएं को लेकर उनके पास जाते हैं लेकिन अधिकारी को बात करने का तरीका नहीं और पक्षपात कर रहे हैं सत्ता पक्ष के इशारे पर कुंडम जनपद पंचायत में जब से ओंकार सिंह ठाकुर पदस्थ हुए हैं तब से आज तक सूचना के अधिकार की कोई जानकारी नहीं दी जाती आवेदक भटक भटक कर थक चुके हैं कुंडम जनपद कार्यालय को अपना घर बना कर रखा गया है कार्यालय में खुलबाई गई चाय की दुकान प्रभारी पंचायत अधिकारी पीसीओ प्रभारी लेखापाल एवं आदिवासी है और दफ्तर को भी आदिवासी बना रखा है चपरासी भी आदिवासी हैं जहां पर कुंडम के नागरिकों में आक्रोश देखा जा रहा है एवं कलेक्टर जबलपुर से मांग की है कि ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों को यहां से तत्काल हटाया जाए नहीं तो चुनाव को प्रभावित करेंगे कुंडम ग्राम पंचायत में स्थानीय सचिव 8 वर्षों से पदस्थ है मगर कुंडम सीईओ इनको नहीं हटा रहे हैं जबकि चुनाव आयोग के सख्त निर्देश है कि स्थानीय सचिवों को हटाया जाए मगर यह सचिव भी सत्ता पक्ष के हैं इसलिए सीईओ उनको नहीं हटा पा रहे हैं सीईओ कुंडम की कार्यप्रणाली से स्थानीय एवं क्षेत्रीय नागरिकों में आक्रोश देखा जा रहा है इन्हें हटाने के लिए कलेक्टर जबलपुर से मांग की जा रही है ताकि पक्षपात ना कर सके और स्वतंत्र मतदान हो सके उनके यहां पर पदस्थ होने से कभी भी विवाद की स्थिति बन सकती है ग्रामीण जनों का कहना है कि भ्रष्ट अधिकारी यहां विगत 3 वर्षों से पदस्थ है और जमकर शासन की राशि की होली खेली गई और लाखों रुपए के फर्जी बिल लगाए जिसमें टेंट स्टेशनरी सहित अनेक प्रकार यहां पर सिर्फ दलाली सक्रिय है टाइम पर नहीं आते कर्मचारी कुंडम जनपद पंचायत के कर्मचारी हैं 12ः00 बजे आते हैं और 5ः00 बजे चली जाती हैं कार्यालय में इनके पास कोई काम नहीं रहता सीईओ के पास सिर्फ 4 कर्मचारी हैं वह भी उनकी जाति के कुंडम के गणमान्य नागरिकों सहित क्षेत्रीय जनता ने इनको हटाने के लिए लामबंद हुए।

# लवप्रीत कौर गुरोन ने नरयावली विधायक से भाजपा के संस्कार संबंधित शिक्षा गृहण किया

सागर । भाजपा में शामिल हुई लवप्रीत कौर गुरोन ने आज नरयावली विधायक प्रदीप लारिया से मुलाकात कर भरतीय जनता पार्टी की रीति नीति और संस्कार का अक्षरशह पालन करने की शिक्षा गृहण किया इस अवसर पर प्रदीप लारिया ने लवप्रीत कौर गुरोन को पार्टी मुख्यालय द्वारा जारी किए जाने वाले दिशा निर्देशो का एवं जनहित के मुद्दों पर स्थानीय आमजन की आवाज बन कर जनसेवा करने का स्पष्ट उद्देश्य बनाने को कहा है भारतीय जनता पार्टी आपके साथ है आप पार्टी में रहकर समाज सेवा करें और पार्टी का नाम रोशन करें। उन्होंने अपना मार्गदर्शन देते हुए कहा कि गरीब परिवारों की सहायता करें। क्योंकि भारतीय जनता पार्टी हमेशा से ही गरीबों की हितेषी पार्टी रही है। इस अवसर पर स्थानीय विधायक का सहयोग लेते हुए लवप्रीत कौर गुरोन ने कहा कि आप सभी के सहयोग से मैं पार्टी में रहकर जन सेवा करना चाहती हैं और और आप सभी का मार्गदर्शन चाहती हूं साथ ही उन्होंने कहा कि मैं भाजपा भारतीय जनता पार्टी के कार्यों से प्रेरित होकर मैंने पार्टी की



सदस्यता ली है भाजपा के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश में विकास के कार्य चल रहे हैं। साथ ही गरीबों के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं जैसे आवास योजना,संबल योजना,लाडली लक्ष्मी योजना, स्व सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराना जैसे अनेक कार्य भारतीय जनता पार्टी के द्वारा किए जा रहे हैं इन कार्यों को देखकर मुझे भारतीय जनता पार्टी मैं शामिल होने की प्रेरणा मिली और सभी वरिष्ठजनों के दिशानिर्देशो का पालन हमेशा करुगी भाजपा महिला मोर्चा पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वर्तमान जिला कार्यसमिति सदस्य श्रीमती पूनम बद्री विशाल साहू एवं महिला मोर्चा की पदाधिकारी संगीता साहू एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता गण इस अवहर पर उपस्थित रहे।

# लोक अदालत में 250 प्रकरणों में एक करोड़ से अधिक की हुई वसूली



पाटन- सुलभ एवं सस्ते की शासन की मंशा के अनुरूप प्रकरणों के निराकरण हेतु पूरे देश में नेशनल लोक अदालतों का आयोजन किया गया। जिसमें राजस्व प्रकरण, चेक बाउंस प्रकरण, न्यायालयीन प्रकरण सहित प्री लिटिगेशन प्रकरणों को सम्मिलित किया गया। व्यवहार न्यायालय पाटन में आयोजित लोक अदालत में लगभग 250 प्रकरणों में समझौते आपसी राजीनामा के आधार पर किए गए। जिसमें लगभग एक करोड़ से अधिक की राशि वसूल की गई। लोक अदालत में तलाक प्रकरण, दहेज प्रकरण एवं सिविल प्रकरण मैं भी समझौते किए गए। जिला एवं सत्र न्यायाधीश विवेक कुमार, न्यायधीश द्वय आदिल अहमद खान रवि कुमार साहू एवं अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रघुवीर सिंह ठाकुर ने पक्षकारों को पौधे प्रदान किए एवं समझौते के आधार पर प्रकरणों की राजीनामा हेतु प्रोत्साहित किया। लोक अदालत में भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक, इंडियन बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, नगर परिषद पाटन एवं कटंगी सम्मिलित हुए एवं पक्षकारों को समझौते का लाभ प्रदान किया गया। नेशनल लोक अदालत के आयोजन में एसडीएम पाटन शाहिद खान, तहसीलदार प्रमोद चतुर्वेदी, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस देवी सिंह एवं नगर पंचायत पाटन एवं कटंगी के सीएमओ नीलम चौहान उपस्थित रहे एवं व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान किया।

## नरसिंहपुर बस डिपो परिसंपत्ति निर्वतन संबंधी प्री. बिड बैठक कल

**नरसिंहपुर यभाप्र।** नरसिंहपुर बस डिपो निर्वतन संबंधी प्री. बिड बैठक 13 दिसम्बर 2021 को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक परिसम्पत्ति स्थल पर आयोजित होगी। इस परिसम्पत्ति की नीलामी निविदा ई- ऑक्शन के माध्यम से 4 जनवरी 2022 को की जायेगी। निविदा के लिए आवेदन पर किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए शिवांश असाटी सहायक प्रबंधक लोक परिसम्पत्ति परिवहन विभाग के मोबाइल नम्बर 9691898214 पर सम्पर्क किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश सड़क परिवहन निगम के अंतर्गत नरसिंहपुर बस डिपो परिसम्पत्ति शीट क्रमांक 10 प्लाट नम्बर 14/2 के कुल क्षेत्रफल 2997/21 वर्गमीटर के विक्रय का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में मध्यप्रदेश लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन विभाग द्वारा 29 नवम्बर 2021 को सम्पत्ति के विक्रय के लिए निविदा जारी की गई है।

# पाली में डाइट प्राचार्य एवं बीईओ ने बच्चों को वितरित की किट






**गाडरवारा यभाप्र।** गत दिवस साईंखेड़ा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पाली की शासकीय प्राथमिक शाला में प्रधानपाठक सिराज अहमद सिद्दकी की अनुकरणीय पहल पर उनके निजी खर्चे पर शाला के बच्चों को पहनने हेतु किट एवं शिक्षण सामग्री का वितरण डाइट प्राचार्य सुंदरलाल धुर्वे, बीईओ प्रतापनारायण, प्राचार्य राजेश बरसैयां, बीआरसी चंदन शर्मा, प्रभारी प्राचार्य आनंद चौकसे, मोहन मुरारी दुबे, नगेन्द्र त्रिपाठी की उपस्थिति में किया गया।

कार्यक्रम में संस्था के पूर्व प्रधानपाठक भैरों प्रसाद चढार को भी सेवानिवृति उपरांत विदाई दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियॉ द्वारा सरस्वती पूजन से किया गया तदोपरांत मंचासीन अतिथियॉ का स्वागत ब्रजेश श्रीवास, मधुसूदन पटैल, राजेन्द्र गुप्ता सहित शिक्षकों ने फूल माला पहनाकर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री धुर्वे ने कहा की

### प्रधानपाठक सिराज अहमद सिद्दकी ने निजी खर्चे पर उपलब्ध कराई किट

बच्चों को शिक्षा देने के अलावा उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए किट का वितरण एक सार्थक पहल है। बीईओ प्रतापनारायण ने कहा की बच्चों के शैक्षिक स्तर में वृद्धि ही हम सभी का उद्देश्य होना चाहिए । बीआरसी चंदन शर्मा ने कहा की इस संस्था में शिक्षको द्वारा सदैव अच्छे कार्य किये जाते रहे है। कार्यक्रम में प्राचार्य राजेश बरसैयां ने कहा की इस प्रकार के आयोजन होते रहना चाहिए। कार्यक्रम को प्रभारी प्राचार्यो आनंद चौकसे एवं मोहन मुरारी डूबे ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक प्रफुल्ल दीक्षित एवं आभार प्रदर्शन प्रीतम रूसिया ने किया। कार्यक्रम में अतिथियों का सम्मान शाल, श्रीफल, डायरी, पैन, कलेंडर भेंट कर किया गया। कार्यक्रम में संस्था को अतिथियॉ ने पुस्तको की किट प्रदान की। कार्यक्रम में मनीराम मेहरा, योगेंद झारिया, प्रशान्त राय, नेपाल झारिया, बनवारी लाल नागवंशी,राजेन्द्र गुप्ता, देवी सिंह कीर, प्रतिभा मौर्य, दुर्गा राय, सीमा ढिमोले सचिव प्रमोद बोहरे सहित अन्य उपस्थित रहे।

## आरओ एवं एआरओ का पंचायत निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण सम्पन्न

**नरसिंहपुर यभाप्र।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित सिंह के निर्देशन में त्रि स्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन हेतु नियुक्त किये गये आरओ, एआरओ एवं समूह क्लस्टर के एआरओ को पंचायत चुनाव से संबंधित प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रदान किया गया। पंचायत निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण के प्रभारी सीईओ जिला पंचायत डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने प्रशिक्षुओं को दिये जाने वाले प्रशिक्षण के अनुरूप कार्य करने के लिए निर्देशित किया। निर्वाचन कार्यक्रम की जानकारी के साथ मास्टर ट्रेनर्स डॉ. मनीष अग्रवाल, डॉ. संतोष उपरेलिया एवं डॉ. राजेश ठाकुर ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षुओं को नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने, शपथ पत्र घोषणा पत्र के प्रारूप, नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा, नाम वापसी व निर्वाचन प्रतीकों के आवंटन आदि के प्रावधानों से संबंधित नियम निर्देशों के बारे में जानकारी दी गई।

# सीडीएस स्व. विपिन रावत को श्रद्धांजलि अर्पित





**नरसिंहपुर यभाप्र।** भारत के पहले सीडीएस जनरल स्व. विपिन रावत, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मधुलिका रावत सहित 13 लोगों की 8 दिसंबर को कन्नूर तमिलनाडु में हेलीकाप्टर दुर्घटना में हुई आकस्मिक मृत्यु से देश को अपूर्णीय क्षति हुई है। कलेक्ट्रेट और जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में स्व. विपिन रावत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दुर्घटना में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। कलेक्टर रोहित सिंह, पुलिस अधीक्षक विपुल श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर मनोज ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार शिवहरे, एसडीएम राजेश शाह सहित अन्य अधिकारियों और शासकीय कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई हाल में दो मिनिट का मौन धारण कर स्व. रावत को श्रद्धांजलि दी। इसी तरह जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में विधायक जालम सिंह पटैल, कलेक्टर रोहित सिंह, पुलिस अधीक्षक विपुल श्रीवास्तव, अभिलाष मिश्रा, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सेवा निवृत्त कर्नल अमरेन्द्र कुमार दास, लाल साहब जाट, श्रीमती संध्या कोठारी, सुनील कोठारी, गणमान्य नागरिकों और अधिकारियों ने स्व.रावत को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## भारी मंत्री के संज्ञान में आते ही कृषक को ब्याज सहित राशि का हुआ भुगतान

**नरसिंहपुर यभाप्र।** मध्यप्रदेश शासन के वन मंत्री एवं ज़िले के प्रभारी मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने गाडरवारा तहसील के ग्राम सोकलपुर के किसान पारस सिंह पटैल की गन्ना फसल के भुगतान लंबित रहने की शिकायत को संज्ञान में लेकर इसके त्वरित निराकरण के लिए कलेक्ट्रेट में आयोजित जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन समूह की बैठक में निर्देशित किया। इस पर कृषक पारस पटैल के गन्ना की बकाया एक लाख 50 हजार 240 रूपये की राशि ब्याज सहित एक लाख 68 हजार 240 रूपये का भुगतान ग्राम पटवारी के समक्ष प्रतीक इंडस्ट्रीज पिठेहरा से 11 दिसम्बर को ही करवाया गया। विदित है कि कृषक पारस ने पिछले वर्ष गन्ने की फसल का विक्रय प्रतीक इंडस्ट्रीज पिठेहरा को किया था किंतु उन्हें वर्तमान में फसल का भुगतान नहीं हुआ था।




# विहिप ने दी सी डी एस को शौर्य श्रद्धांजलि

**जबलपुर यशभारत।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल रानी दुर्गावती जिला द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कोतवाली थाना के सामने किया गया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में देश के वीर सपूत सीडीएस जनरल विपिन रावत एवं अन्य सभी 13 जवानों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के विभाग संपर्क प्रमुख सत्यम रैकवार जिला मंत्री राजेश रैकवार सह मंत्री उमेश राठौर सह मंत्री दीपक तिवारी संयोजक शैलेंद्र विसेन जिला कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार बर्मन मयंक श्रीवास प्रशांत सोंधिया शरद लोधी राजेश ठाकुर संतोष सेन महेंद्र नामदेव अजय द्विवेदी आनंद तिवारी सहित अनेक कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।



# एनिवर्सरी पर अनुष्का शर्मा ने शेयर कीं विराट संग खट्टी-मीठी यादें

**बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा और विराट कोहली की शादी को आज 4 साल पूरे हो गए हैं। 11 दिसंबर 2017 को विराट और अनुष्का 7 जन्मों के बंधन में बंध गए थे। शादी की सालगिरह पर अनुष्का शर्मा ने अपने इस सफर की कुछ खट्टी-मीठी यादें शेयर की हैं।**

अनुष्का शर्मा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कई अनदेखी तस्वीरें शेयर की हैं जिन्हें देखकर आप अपनी मुस्कुराहट नहीं रोक पाएंगे।

अनुष्का शर्मा ने लिखा, %ये तुम्हारा पसंदीदा गाना और तुम्हारे पसंदीदा शब्द हैं जिन्हें तुमने हमेशा जिया है। इन शब्दों में हमारे रिश्ते के साथ-साथ हर चीज की सच्चाई समाई हुई है।

एक्ट्रेस ने लिखा, %धारणाओं और नजरियों से भरी इस दुनिया में तुम्हारे जैसा इंसान बनने के लिए बहुत हिम्मत चाहिए।% बता दें कि पिच पर विराट कोहली की खराब परफॉर्मेंस से लेकर भारतीय क्रिकेट टीम की हार तक हर चीज के लिए कई बार अनुष्का शर्मा को ब्लेम किया गया है। लेकिन बावजूद इसके वह हमेशा अनुष्का के साथ खड़े

## छलक आया दिल का दर्द!

रहे हैं।

अनुष्का शर्मा ने लिखा, %शुक्रिया मुझे प्रेरित करने के लिए जब मुझे इसकी जरूरत थी और अपना दिमाग खुला रखने के लिए जब तुम्हें सुनने की जरूरत थी।

%बराबरी की शादी सिर्फ तभी संभव है जब दोनों सिक्योर हों। और तुम सबसे सिक्योर शख्स हो जिसे मैं जानती हूं। जैसा कि मैंने पहले भी कहा है कि खुशकिस्मत वो लोग होते हैं जो आपकी हकीकत को जानते हैं, आपकी कामयाबियों के पीछे आपकी रूह को जानते हैं।

एक्ट्रेस ने लिखा कि ईश्वर करे कि प्यार, ईमानदारी, पारदर्शिता और सम्मान हमेशा हमें गाइड करे। ईश्वर करे कि हम कभी भी साथ में मस्ती करना बंद ना करें। हमसे जुड़ी हर चीज से मुझे प्यार है। विराट और अनुष्का की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई हैं. कॉमेंट सेक्शन में लोग प्यार लुटा रहे हैं और फैन पेजों पर इन तस्वीरों को जमकर शेयर किया जा रहा है.

# नोरा फतेही को डेट कर रहे हैं गुरु रंधावा?

बॉलीवुड की सुपरस्टार डांसर नोरा फतेही और दिग्गज सिंगर गुरु रंधावा हाल ही में गोवा के एक बीच में साथ घूमते नजर आए. नोरा फतेही ने जहां शॉर्ट्स और क्रॉप टॉप पहनी हुई थी वहीं गुरु रंधावा शॉर्ट्स-शर्ट पहने दिखाई दिए. दोनों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं. गुरु रंधावा और नोरा फतेही काफी रिलैक्स दिखाई दिए और दोनों साथ में हंसी मजाक भी कर रहे थे. बैकग्राउंड में दिख



रही खूबसूरत लोकेशन और इस जोड़ी की ट्यूनिंग लोगों को उनके रिलेशनशिप स्टेटस के बारे में सोचने को मजबूर कर रही है.

### डेटिंग कर रहे हैं नोरा-गुरु!

तस्वीरों को पापाराजी विरल भयानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है. अन्य तमाम फैन पेजों पर भी ये फोटो शेयर किए गए हैं. लेकिन जो सवाल फैंस के जेहन में घूम रहा है वो ये है कि क्या नोरा फतेही और गुरु रंधावा एक दूसरे को डेट कर रहे हैं? क्या दोनों का रिलेशनशिप स्टेटस बदल गया है? क्या अब दोनों सिंगल से मिंगल हो चुके हैं?

### ऐसा था फैंस का रिएक्शन

इन सभी सवालों के जवाब फैंस को मिलने बाकी हैं लेकिन इसी बीच कयासबाजी का सिलसिला शुरू हो गया है. एक यूजर ने कॉमेंट सेक्शन में लिखा, %उन्हें साथ में एन्जॉय करने दो. तुम वहां कबाब में हड्डी मत बनो.% एक अन्य यूजर ने लिखा, %टाउन में नया कपल आया है.% एक पंजाबी यूजर ने लिखा, %चलो इक हौर परजाई मिल गई ।

# संजय दत्त की बेटी ने ब्लैक मोनोकिनी में दिखाया फैशन का जलवा

बॉलीवुड एक्टर संजय दत्त की बेटी त्रिशाला दत्त फिल्म इंडस्ट्री का हिस्सा नहीं होते हुए भी किसी सुपरस्टार से कम नहीं हैं। वह सोशल मीडिया के जरिए अपने फैंस के साथ जुड़ी रहती हैं और आए दिन उनके लिए अपनी तस्वीरें या वीडियो शेयर करती रहती हैं। त्रिशाला अपनी निजी जिदंगी और मान्यता के साथ रिश्तों को लेकर आए दिन सुर्खियों में बनी रहती हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी इंस्टा स्टोरी पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं जो कि काफी वायरल हो रही हैं। इन फोटोज में त्रिशाला काफी बोल्ड अवतार में नजर आ रही हैं।



त्रिशाला ने इन तस्वीरों को अपनी इंस्टा स्टोरी पर शेयर किया है। इन फोटोज को शेयर करते हुए त्रिशाला ने लिखा, 'NEED A BREAK'। ब्लैक मोनोकिनी में त्रिशाला काफी किलर लुक दे रही हैं। उनका ये अंदाज फैंस को खूब भा रहा है और फैन पेजों पर इन तस्वीरों को शेयर किया जाना शुरू हो गया है।

त्रिशाला ने दिया हर सवाल का जवाब

हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर ˛sk Me Anything सेशन रखा था जिसमें उन्होंने अपने फैंस के सवालों के जवाब दिए। इस सेशन में त्रिशाला ने अपनी पर्सनल लाइफ से जुड़े तमाम सवालों के जवाब दिए। त्रिशाला ने अपने सुपरस्टार पिता से लेकर अपनी सौतेली मां के साथ रिश्तों तक हर चीज से जुड़े सवालों का जवाब दिया।

# जेठालाल ने बेटी की शादी में किया जमकर डांस

साल 2021 का आखिरी महीना शादियों के नाम जा रहा है। कई बड़े नेताओं और सेलेब्स के घर शहनाई बजी हैं। जहां गुरुवार को विक्की कौशल और कैटरीना कैफ ने राजस्थान में सात फेरे लिए। वहीं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव के बेटे तेजस्वी यादव भी शादी के बंधन में बंध गए हैं। वहीं टीवी जगत के सबसे फेमस शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा के जेठालाला यानी दिलीप जोशी के घर में भी विवाह की तैयारी चल रही हैं। इस बीच दिलीप का एक वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।



### इंस्टाग्राम पर शेयर किया वीडियो

दरअसल वीडियो एक्टर दिलीप जोशी की बेटी नीयति जोशी के शादी के फंक्शन का है। जिसमें जेठालाल जमकर डांस करते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो को इंस्टाग्राम पर दिलीप जोशी के फैन क्लब से शेयर किया है। खबर लिखे जाने तक इस वीडियो को 4505 व्यूज मिल चुके थे। फैंस इसपर जमकर रिएक्शन दे रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट किया, क्या बात है सर। वहीं एक ने लिखा क्या जोश है, जबरदस्त।

### मेहमानों के साथ किया गरबा

वीडियो में दिलीप जोशी टील ब्यू कलर के कुर्ता पहने नजर आ रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार यह संगीत की रात का वीडिया है। जिसमें फंक्शन पर मेहमानों ने डांडिया और गरबा खेला था। अपनी बेटी की शादी में उन्होंने तारक मेहता शो की पूरी टीम को न्यौता दिया है। इस बीच एक खबर और सामने आ रही है कि राज अनादकत यानी टप्पू सीरियल छोड़ने वाले हैं।

# उर्फी जावेद ने ब्लू बिकिनी दिखाया अपना बेहद सीक्रेट टैटू

## फोटोज देख फैंस बोले- सर्दी नहीं है क्या



**बिग बॉस ओटीटी में अपना जलवा बिखेर चुकीं उर्फी जावेद अपने लुक के कारण छाई रहती हैं। वो हर बार अपने स्टाइल के कारण लाइमलाइट में बनी रहती हैं।**

खासतौर पर अपनी ड्रेस के कारण। दरअसल उर्फी ऐसे ड्रेस और बिकिनी पहनती हैं, जिससे देख लोगों के होश उड़ जाते हैं। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। एक तरह जहां बोल्ड फोटोज और वीडियो पोस्ट करती है। वहीं कई बार इस कारण उन्हें ट्रोलर्स के गुस्सा का भी सामना करना पड़ता है।

इस बीच उर्फी जावेद ने फिर इंस्टाग्राम पर अपनी बिकिनी तस्वीर शेयर की है। जिस कारण वह फिर सुर्खियां बटोर रही हैं। दरअसल उन्होंने उनकी फोटोज बेहद बोल्ड है। जिससे देखने के बाद यूजर्स के होश उड़ गए हैं। एक्ट्रेस अक्सर की कुछ ऐसा पहन कर आती है, जो चर्चा में आ जाता है। उनकी कुछ फोटोज ने इंटरनेट पर तलहका मचा दी है। उर्फी के लुक देख फैंस जमकर तारीफ कर रहे हैं।

दरअसल उर्फी जावेद ने इंस्टाग्राम पर अपनी बिकिन फोटो पोस्ट की है। इन तस्वीरें में एक्ट्रेस काफी रिवीलिंग लग रही है। ब्लू बिकिनी में उर्फी का सेक्सी फिगर देखते ही बन रहा है। उन्होंने एक स्टॉल अपनी कमर पर भी बंधा हुआ है। वह तस्वीर में बेस्ट से नीचे बना टैटू दिखाई दे रहा है। उनके पोस्ट पर फैंस काफी कमेंट कर रहे हैं। वहीं कुछ यूजर्स ने उन्हें ट्रोल भी किया है। एक ने कमेंट किया, इंडिया में सर्दी नहीं है अभी। वहीं कई ने उन्हें हॉट और सेक्सी बताया है। बता दें उर्फी जावेद ने 2016 में बड़े भैया की दुल्हनिया ने करियर की शुरुआत की है।

# तेरे नाम से आशिकी 2 तक, इन बॉलीवुड फिल्मों को देख रो पड़े थे दर्शक, अधूरा रह गया था इश्क

**बॉलीवुड फिल्मों में लव स्टोरीज का एक अलग ही क्रेज देखने को मिलता है। एक ओर जहां कई फिल्मों में प्यार मुकम्मल हो जाता है तो वहीं कई फिल्मों में इश्क अधूरा रह जाता है। बॉलीवुड में कई ऐसी फिल्में हैं जिन्हें देखकर कर दर्शकों के आंसू छलक गए, क्योंकि अंत में हीरो और हीरोइन एक नहीं हो सके। इस रिपोर्ट में आपको कुछ ऐसी ही फिल्मों के बारे में बताते हैं।**



**आशिकी 2**= श्रद्धा कपूर और आदित्य रॉय कपूर स्टारर फिल्म आशिकी 2 का खुमार दर्शकों पर खूब चढ़ा था। फिल्म के साथ ही साथ इसके गाने भी सुपरहिट हुए थे। फिल्म की एंडिंग दिल को तोड़ने वाली थी क्योंकि आदित्य का किरदार इस दुनिया को छोड़ देता है।

**एम एस धोनी**- द अनटोल्ड स्टोरी= दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत स्टारर फिल्म %एम एस धोनी= द अनटोल्ड स्टोरी% में दिशा पाटनी और कियारा आडवाणी भी नजर आई थीं। फिल्म में धोनी की जिंदगी को बखूबी दिखाया गया था। उस सीन पर दर्शकों के आंसू आ गए थे, जब दिशा पाटनी के किरदार की मौत हो गई थी।

**तेरे नाम**= सलमान खान के करियर की अहम फिल्मों में से एक %तेरे नाम% भी इस लिस्ट में शामिल है। तेरे नाम में सलमान खान ने राधे का किरदार निभाया जो, जिसे निर्जरा (भूमिका चावला) से इश्क हो जाता है। लेकिन राधे और निर्जरा का मिलन नहीं हो पाता है और राधे पागल हो जाता है। फिल्म को देखकर हर फैन रोया था।

**रॉकस्टार**= रणबीर कपूर और नरगिस फाखरी स्टारर फिल्म रॉकस्टार आज भी दिलों को छू जाती है। फिल्म में रणबीर ने जॉर्डन का किरदार निभाया था, जिसे हीर से प्यार हो जाता है। लेकिन इनके प्यार को मंजिल नहीं मिल पाती है। फिल्म के गाने भी सुपर हिट हुए थे।

**ओम शांति ओम**= दीपिका पादुकोण की बॉलीवुड डेब्यू फिल्म ओम शांति ओम को देख फैन्स का दिल उस वक्त टूटा था, जब ओम (शाहरुख खान) और शांति (दीपिका) अलग हो गए थे। फिल्म में दीपिका पादुकोण के किरदार की मौत हो गई थी, हालांकि फिल्म में आगे ट्विस्ट भी था।

एक विलेन= श्रद्धा कपूर और सिद्धार्थ मल्होत्रा स्टारर फिल्म एक विलेन को आज भी फैन्स देखना पसंद करते हैं। इस फिल्म में श्रद्धा के किरदार की मौत हो जाती है, जिसके बाद सिद्धार्थ का किरदार अकेले रह जाता है। इस लव स्टोरी में रिवेंज भी देखने को मिला था। वहीं फिल्म के गाने भी खूब हिट हुए थे।

**दिल बेचारा**= बॉलीवुड के दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की आखिरी रिलीज फिल्म दिल बेचारा को देख दर्शक खूब रोए थे। इसकी एक वजह तो फिल्म की लव स्टोरी थी, वहीं दूसरी वजह थी कि फिल्म सुशांत के निधन के बाद रिलीज हुई थी।

सनम तेरी कसम= मावरा और हर्षवर्धन राणे स्टारर इस फिल्म को पसंद करने वालों की आज भी कमी नहीं है। फिल्म के गाने आज भी दर्शकों के दिल को छू जाते हैं।

गजनी= संजय सिंघानिया और कल्पना का नाम सुनकर ही जेहन में फिल्म गजनी आ जाती है। फिल्म में जब आमिर खान के सामने आसिन के किरदार की मौत होती है तो दर्शक रो पड़े थे।

# बड़े भाई ने मुंगरिया से वार कर छोटे की कर दी हत्या

**जबलपुर, यशभारत।** मझौली के इंद्राना में शराब पीकर मां से झगड़ रहे छोटे भाई की बड़े भाई ने मुंगरिया से वार कर हत्या कर दी। सिर में गंभीर चोट आने से छोटे भाई ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। छोटे भाई की मौत के बाद बड़ा भाई मौके से



फरार हो गया। मझौली पुलिस ने 11 दिसंबर की देर रात 3.30 बजे हत्या का प्रकरण दर्ज करते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। वहीं, इस घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी का माहौल है। जानकारी अनुसार गढ़िया मोहल्ला इंद्राना निवासी दीपक बर्मन (35) ड्राइवरी करता था। पिछले एक माह से वह घर पर था और रोज रात को शराब पीकर हंगामा करता था। पूरा परिवार उसकी हरकतों से त्रस्त हो चुका था। शनिवार रात 12.30 बजे भी वह शराब पीकर घर लौटा था।

### किया था प्रेम विवाह

दीपक ने विनीता से 5 साल पहले प्रेम विवाह किया था। उनकी एक बेटी भी है। विनीता के मुताबिक उसका पति शनिवार सुबह ही निकल गया था। रात में लौटा तो उसके लिए खाना परोसा। उसकी सास शांति बाई ने चिकन की सब्जी दी थी। भोजन के साथ जब उसे भी परोसा तो उसने पूछा कि इसे किसने दिया है? सास का नाम लेते ही झगड़ा शुरु हो गया।

### मां से करने लगा विवाद

दीपक ने घर के बरामदे में सो रही मां शांति बाई को जगाया और विवाद करने लगा। दरअसल शांति बाई बड़े बेटे राकेश बर्मन के साथ रहती है। दीपक पत्नी-बच्चों के साथ अलग रह रहा था। आधी रात शोर सुनकर राकेश की नींद टूटी। मां से छोटे भाई को विवाद करता देख उसने समझाने की कोशिश की तो वह उससे भी झगड़ने लगा। इस पर घर के आंगन में दोनों भाईयों में मारपीट होने लगी। उस समय घर में पिता भद्दीलाल, भतीजा आशीष व ईशु और मामा ससुर छोटेलाल थे और बीच-बचाव कर रहे थे।

### मुंगरिया से सिर पर किए दनादन वार

बताया जाता है कि विवाद के दौरान विनीता के जेठ ने गुस्से में आकर उसके पति दीपक के सिर पर आंगन में पड़े मुंगरिया से तीन से चार वार किया। जिससे दीपक लहुलूहान हालत में मौके पर ही गिर गया। थोड़ी देर में उसकी मौत हो गई। रात में ही विनीता इंद्राना चौकी पहुंची और इसकी जानकारी दी। पुलिस ने देर रात विनीता के कथन के आधार पर हत्या का प्रकरण दर्ज करते हुए शव को पीएम के लिए मझौली भिजवा दिया।

# कैंट में रेलवे में नौकरी लगवाने के नाम पर 3 लाख की ठगी

## फर्जी अपॉइंटमेंट लेटर किया जारी, कहा-अधिकारी बनाकर बैठाएंगे

**जबलपुर, यशभारत।** कैंट के बाइपेयी कंपाउंड में रेलवे में नौकरी का सपना देख रहे एक युवक से दो शातिर आरोपियों ने धोखाधड़ी कर, 3 लाख की चपत लगा दी। इतना ही नहीं जब रेलवे की ट्रेनिंग में जाने का सपना देख रहे युवक को दो साल बाद भी विभाग से कोई लेटर नहीं मिला, तो उसने पैसे वापस मांगे। लेकिन यहां भी शातिर आरोपियों ने फर्जी अपॉइंटमेंट लेटर जारी कर, जल्द ही ट्रेनिंग में भेज देने का भरोसा दिलाया। मामले का पता पीड़ित को उस वक्त लगा जब उसने जबलपुर रेलवे ऑफिस में वह लेटर दिखाकर जल्द ही नौकरी में भेजने की जिद करने लगा। लेटर देख रेलवे जबलपुर में पदस्थ अधिकारियों के होश उड़ गए और उन्होंने युवक से कहा कि तत्काल थाने में शिकायत दे दो...तुम्हारे साथ धोखाधड़ी हुई है। यह लेटर फर्जी है।




कैंट पुलिस ने बताया कि मांगेश्वर स्वामी निवासी बाजपेई कंपाउन्ट पेंटी नाका सदर ने शिकायत दर्ज करवाई कि उसका सपना रेलवे में सरकारी नौकरी में जाने का था। वह तैयारी कर रही रहा था कि उसे 21 मई 2018 को कपिल साहू भोपाल निवासी, पूरन सिंग ग्वालियार निवासी मिले और रेलवे में ऊंची पहुंच का हवाला दिया।

### सात लाख का खर्च है

पीड़ित ने बताया कि दोनों आरोपियों ने उसे करीब सात लाख का खर्च बताया। लेकिन जब उसने कहा कि उसके पास तो इतने पैसे नहीं है, तो उन्होंने झांसा देते हुए कहा कि साहब बहुत दयालु है, कम में भी काम कर देंगे। यदि तुम कुछ किस्तों में शुरुआती खर्च सहन कर सको तो रेलवे की नौकरी तुम्हारी हो जाएगी।

### किस्तों में लिए तीन लाख रुपए

पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने उससे किस्तों में अभी तक कुल तीन लाख रुपए लिए है। बाकी के पैसे वह रेलवे में नौकरी लगने के बाद मांग रहे थे। जिससे ही उसे उनपर भरोसा हो गया था।

### लेटर किया जारी

पीड़ित ने बताया कि तीन साल बीत जाने के बाद जब उसकी रेलवे में नौकरी नहीं लग सकी तो उसने पैसे वापस करने का दवाब बनाया। लेकिन आरोपियों ने यह कहकर मामले को टाल दिया कि अभी रुको, जल्द ही लेटर जारी करवाते है और फिर कुछ ही दिनों में दोनों शातिर आरोपियों ने एक रेलवे का लेटर जारी कर दिया और उसके हाथ में देकर कहने लगे कि अब जल्द ही ट्रेनिंग में जाने की तैयारी कर लो।

### रेलवे अस्पताल में कराई मेडिकल जांच

आरोपियों ने उक्त दोनों पीड़ितों का रेलवे अस्पताल जबलपुर में मेडिकल जांच कराया। यहां बताया गया कि मेडिकल टेस्ट में आप पास हो गए हैं। लखनऊ जाना होगा। वहां औपचारिकताएं पूरी कराई गई। 15 जून 2018 को अप्वाईनमेंट लेटर वाट्सएप से भेजा। इसमें ट्रेनिंग के लिए टाटा नगर साउथ ईस्ट रेलवे का दस्तावेज था। कपिल ने कहा कि ट्रेनिंग के लिए जमशेदपुर टाटा नगर जाना होगा। इसके पूर्व लखनऊ तत्काल ज्वाइनिंग के लिए शेष राशि तीन लाख रुपए नकद लेकर बुलाया था। 28 जून को वे लखनऊ पहुंचे। स्टेशन पर कपिल व पूरन मिले। नौकरी संबंधी मूल दस्तावेज दिए और पैसे लिए।

### जमशेदपुर में ट्रेनिंग

दोनों को वहां से टाटा नगर जमशेदपुर ट्रेनिंग के लिए ले जाया गया। वहां एक होटल में रुकवाया गया। कुछ दिन तक यूं ही बहाने कपिल करता रहा। फ़िर उसने ट्रेनिंग बाद में होने की बात कह वापस घर भेज दिया। संदेह होने पर मादेश्वरन अप्वाईनमेंट लेटर, ट्रेनिंग के लिए जारी पत्र और दस्तावेज लेकर जबलपुर रेलवे में अधिकारियों को दिखाया, तो पता चला ये सब फ़्जीज़ है। कपिल साहू व पूरन से इसके बारे में बताया और पैसे मांगे तो अब तक नहीं दिए।

# कटंगी में शासकीय स्कूल के सामने बेंच रहा था स्मैक

## 1 लाख 60 हजार की स्मैक समेत नगदी 5000 रुपए किए जब्त, पूछताछ जारी

**जबलपुर, यशभारत।** कटंगी के मुर्रइ में शासकीय स्कूल के सामने स्मैक बेंच रहे एक तस्कर युवक को क्रामइ ब्रांच ने दबिश देकर दबोच लिया है। जिसके कब्जे से 1 लाख 60 हजार रुपए की स्मैक सहित नगदी 5000 रुपए बरामद किए गए है। जिसे गिरफ्ता कर, आरोपी से सख्ती से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि क्राइम ब्रांच को सूचना मिली कि ग्राम मुर्रइ निवासी मनोज राजपूत गांव के शासकीय स्कूल के सामने बने अपने खलिहान की टपरिया में बेचने हेतु अपने कब्जे में स्मैक रखे हुए है, यदि तुरंत दबिश देते हुए पकड़ा गया तो स्मैक के साथ रंगे हाथ पकड़ा जाएगा। जिसके बाद मुस्तैद



क्राइम ब्रांच एवं कटंगी पुलिस तत्काल दबिश दी, तो ग्राम मुर्रइ में शासकीय स्कूल के सामने बने खलिहान की टपरिया में मनोज राजपूत पिता वीरेंद्र सिंह राजपूत 49 वर्षनिवासी ग्राम मुर्रइ मिला। जिसे दबोचकर जब पुलिस ने तलाशी ली तो पेंट की जेब में पॉलीथिन के अंदर स्मैक एवं नगदी 5000 रुपए रखे मिला। स्मैक की तौल करने पर 16 ग्राम स्मैक कीमती 1 लाख 60 हजार रुपए की बरामद की गई।

# लोडिड वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर : मौत

**जबलपुर, यशभारत।** बरगी के पुराना पानी पुलिया के पास एक अज्ञात लोडिड वाहन ने बाइक सवार को सीधी टक्कर मार दी। घटना शनिवार देर रात की है। जिसके बाद बाइक सवार युवक को राहगीरों ने आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के दौरान युवक अपने घर जा रहा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। जानकारी अनुसार ग्राम जमुनिया निवासी गणेश कुट्टे 33 वर्ष अपनी बाइक से बरगी से किराना लेकर घर जा रहा था। तभी रात को एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। जिसके बाद राहगीरों ने युवक को जख्मी हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया। हादसे में युवक की मौत के बाद क्षेत्र में हड़कंप है। वहीं पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है। प्रारंभिक पूछपाछ में आसपास के लोगों के बयान दर्ज कर, फरार चालक का पता लगाया जा रहा है।

# टेंट व्यवसाई की बेटी ने जहर खाकर की आत्महत्या

## बेलबाग थाने का मामला, पुलिस जांच जारी

जबलपुर, यशभारत। बेलबाग में टेंट व्यवसाई की 22 बर्षीय बेटी ने शनिवार की देर रात चूहा मार दवाई खाकर आत्महत्या कर ली। घटना के दौरान पूरा परिवार पड़ोस में ही चल रहे लगुनोत्सव समारोह में शरीक होने गया था। युवती यहां से खाना खाकर घर आ गयी थी। जब परिजन घर पहुंचे तो युवती के मुंह से सफेद झाग आ रहा था। जिसके बाद परिजन उसे लेकर तत्काल अस्पताल पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने चैक कर मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला दर्ज कर जांच में लिया है। जानकारी अनुसार मृतिका के मामा संदीप जाट ने बताया कि कल रात को पड़ोस में कार्यक्रम था। पूरा परिवार वहां गया था, लेकिन युवती जल्दी खाना खाकर घर आ गयी। जब पूरा परिवार रात में घर पहुंचा तो देखा कि युवती ने आंखे चढ़ा ली थी। जिसके बाद उसे अस्पताल में उसकी मौत हो गयी।



**ग्रेजुएशन के बाद कर रही थी कम्प्यूटर कोर्स** परिजनों ने बताया कि उनकी बेटी पढ़ने में होशियार थी। ग्रेजुशन के बाद शास्त्री ब्रिज में एक कम्प्यूटर अकेडमी से कोर्स कर रही थी और उनका दिल अभी तक यह बात स्वीकार नहीं कर पा रहा है कि उनकी बेटी भी ऐसा कर सकती है। फिलहाल बताया जाता है कि युवती के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी है।










स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085।
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)